दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। बुधवार 02 अप्रैल-2025 | वर्ष: 10 अंक: 102 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य: ₹3

# संसद में आज 12 बजे पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

## बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में फैसला




**नई दिल्ली।** संसद में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पेश होगा। मंगलवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में इस बिल को सदन में पेश करने का फैसला किया गया। बिल दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश किया जाएगा। बिल पर 6 से 8 घंटे चर्चा होगी। इससे पहले बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में विपक्षी दलों के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष से जुड़े मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है।

**विपक्ष ने किया बैठक से वॉकआउट :** सरकार के रुख से नाराज होकर विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि सरकार ने उनके किसी भी मुद्दे पर चर्चा नहीं की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि हमने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी से वॉकआउट किया क्योंकि सरकार अपना अजेंडा थोप रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की बात नहीं सुन रही है।

**वक्फ बिल पर व्यापक चर्चा की मांग :** विपक्षी दलों के सदस्यों ने कहा कि हमने वक्फ पर व्यापक चर्चा की। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर चर्चा की बात कही। वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने को लेकर मुद्दा रखा। हालांकि, सरकार ने किसी भी मुद्दे पर विपक्ष की बात नहीं मानी। विपक्ष का कहना है कि हाउस सरकार की मनमर्जी से चल रहा है। विपक्ष को कोई जगह नहीं दी जा रही है। यह हाउस सिर्फ रूलिंग पार्टी का नहीं जनता का है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि हम लागातर वोटर कार्ड की बात कर रहे हैं। हमारी मांग नहीं मानी। उन्होंने कहा कि दूसरे मुद्दे

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## गाजियाबाद में भाजपा और आरएसएस की समन्वय बैठक आज

# मोहन भागवत, योगी आदित्यनाथ, भूपेंद्र चौधरी सहित कई प्रमुख चेहरे रहेंगे मौजूद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक होनी है। इसमें संघ, भाजपा प्रदेश सरकार की समन्वय बैठक के रूप में देखा जा रहा है। बुधवार को होने वाली बैठक में जहां मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक के साथ ही राष्ट्रीय




स्वयंसेवक संघ के कई महत्वपूर्ण पदधिकारी उपस्थित होंगे। कहा जा रहा है कि इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत भी आ सकते हैं ,अभी उनका कार्यक्रम फाइनल नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक के पीछे भाजपा में आने वाले दिनों में प्रदेश अध्यक्ष और महत्वपूर्ण घोषणा के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा का चुनाव व उत्तर प्रदेश के हालातों पर चर्चा करने के लिए यहां बैठक की जा रही है। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चेहरे इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। बताया जा रहा है कि इस पूरी बैठक का मकसद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के बीच समन्वय को स्थापित करना है।

गाजियाबाद दिल्ली से सटा होने और प्रदेश के बड़े शहर होने की वजह से बैठक का केंद्र बिंदु रहेगा। बुधवार को होने वाली इस बैठक के लिए पुलिस-प्रशासन संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सभी महत्वपूर्ण तैयारी कर ली गई हैं।

### दिनभर में कई सत्रों में रहेगी बैठकें

करंट क्राइम : सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है यह बैठक सुबह करीब 11 बजे से लेकर शाम तक नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में होगी। वैसे तो इसमें कई सत्र हैं लेकिन एक सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे और कई अन्य महत्वपूर्ण विषय जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होगी।

### कई महत्वपूर्ण विषयों पर होगी संघ और भाजपा नेताओं की नजर

करंट क्राइम : उधर सूत्र बता रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के बीच होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही बैठक के पीछे के कई अन्य मकसद भी बताए जा रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि इस बैठक में कई अन्य विषय भी रखे जाएंगे, साथ ही इन दिनों के मौजूदा हालातो को लेकर भी दोनों के बीच चर्चा होगी।

# भाजपा-आरएसएस समन्वय बैठक को लेकर सुरक्षा रहेगी ट्रिपल लेयर

## सड़क से लेकर कार्यक्रम स्थल तक चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ ही कई अन्य पदाधिकारियों की गाजियाबाद में समन्वय बैठक होनी है। समन्वय बैठक का मकसद राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों के चुनाव से लेकर प्रदेश अध्यक्ष व अन्य कार्य समितियों की घोषणा को लेकर सहमति और वर्तमान में उत्तर प्रदेश में चल रहे राजनैतिक हालातों पर चर्चा भी होगी। वहीं बुधवार को ही वफ़्क बोर्ड को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। तो गाजियाबाद में होने वाली आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी की बैठक के भी बड़े मायने निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस बैठक का मकसद 2027 के लिए ऑल इज वेल की स्थिति को बनाने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जानी है। बुधवार को होने वाले इस आयोजन से पूर्व मंगलवार शाम से ही पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने गाजियाबाद सिटी जोन में कमान संभाली है। कई स्थानों का निरीक्षण करने के साथ ही मुख्यमंत्री, संघ के नेताओं और वीआईपी रूट का निरीक्षण की भी किया गया है।

### - खुफिया विभाग की टीम भी की गई तैनात



### यातायात पुलिस को रखा जाएगा अलर्ट पर

करंट क्राइम : बुधवार को नेहरू नगर स्थित शिशु मंदिर में होने वाली भाजपा आरएसएस पदाधिकारियों की समन्वय बैठक को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने पूरी रिहर्सल कर ली है। बताया जा रहा है की बड़ी संख्या में यातायात पुलिसकर्मियों को रिजर्व में अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में वीआईपी रोड मार्ग से कार्यक्रम में लाने और ले जाएया जा सके। इसके साथ ही कई वीआइपी हेलीकॉप्टर से आएंगे, देखा जाएगा कि हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतारे जाते हैं या हिंडन से सीधे सभी को कार्यक्रम स्थल लेकर जाया जाएगा। साथ ही कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही जर्सी बैरियर भी लगाए गए हैं।

### आरएसएस के स्वयंसेवक देंगे गुप्त ड्यूटी

करंट क्राइम : नेहरू नगर में आयोजित होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय चर्चा में रहेंगी। तो वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है की बैठक जिन कक्ष में होनी है, उसके आसपास भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक गुप्त ड्यूटी देने का काम करेंगे। वह उन्हीं लोगों को एंट्री देंगे जिनका वह पूर्ण रूप से टेस्ट कर लेंगे, साथ ही बताया जा रहा है कि इस पूरे कार्यक्रम से मीडिया को भी दूर रखा जाएगा।

### सड़क से लेकर कार्यक्रम स्थल तक रहेगी पुलिस की ड्यूटी, आसान नहीं होगी किसी की एंट्री

करंट क्राइम : नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में बुधवार को होने वाले आयोजन के मद्देनजर पूरे आसपास के इलाके में सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा रहेगा। पुलिस के बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया जाएगा। तो उसके साथ ही यहां खुफिया विभाग वालों ने भी अपना डेरा डाल लिया है। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और आरएसएस के कई प्रमुख चेहरे भी शामिल होंगे। साथ ही बैठक में और कई विषय बेहद महत्वपूर्ण विषय रहेंगे। इसीलिए शिशु मंदिर के भीतर एंट्री पाना किसी के लिए आसान नहीं होगा। कार्यक्रम में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा, जिनके लिस्ट में नाम दर्ज कराया गया है। अन्य लोगों और पुलिस के भी उन अधिकारियों को भीतर प्रवेश मिलेगा जिनकी आई कार्ड बनाए गए हैं।

### लिमिटेड भाजपा पदाधिकारी रहेंगे कार्यक्रम में मौजूद

करंट क्राइम : बुधवार को गाजियाबाद में होने वाली भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक में गाजियाबाद के स्थानीय और संगठन के भी लिमिटेड चेहरों को ही इस बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एंट्री मिलेगी। पूरा कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा होने की वजह से भारतीय जनता पार्टी के संगठन और जनप्रतिनिधि भी इस विषय पर कुछ बातचीत नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस पूरी बैठक में इन दिनों गाजियाबाद के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के विषय को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की जा सकती है। देखना होगा कि बुधवार को किन विषयों पर चर्चा होती है और क्या हल निकलता है।

# एनसीआर बोर्ड में सांसद-मेयर-विधायकों ने लगा दी विकास के प्रस्तावों की झड़ी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपने साथ विधायकों को लेकर दिल्ली एनसीआर बोर्ड पहुंचे। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही बताया था कि दिल्ली में एनसीआर बोर्ड में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि विकास के प्रस्ताव लेकर पहुंचेंगे। मंगलवार को जनप्रतिनिधि पहुंचे और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के विकास को लेकर प्रस्ताव रखे।



### हिंडन रिवर फ्रंट से लेकर गंग नहर को लेकर रखा प्रस्ताव

करंट क्राइम। हिंडन रिवर के पास बहुत बड़ी मात्रा में सरकारी व गैर-सरकारी भूमि उपलब्ध है। नोएडा क्षेत्र में लगते हुए हिंडन नदी के दोनों तरफ न केवल अवैध कॉलोनी बन चुकी है। बल्कि नदी में मिटटी डाल करके नदी के साईज को भी छोटा कर दिया गया है। ऐसी स्थिति करहेड़ा गाँव, साहिबाबाद की तरफ भी ऐसी स्थिति बनती जा रही है। इसलिए उपलब्ध जमीन पर हिंडन नदी के किनारे लखनऊ की तर्ज पर वाटर फ्रन्ट बनाने की योजना व नदी का जल साफ करने की योजना को स्थान मिलना चाहिए। इसी प्रकार मुरादनगर गंगनहर पर बड़ी मात्रा में धार्मिक कार्यकलाप भी होते है और वहां पर उपलब्ध भूमि पर एक सुन्दर तट बनाने की योजना होनी चाहिए।

### कमला नेहरूनगर की जमीन पर सरकारी कार्यालय खोलने का रखा प्रस्ताव

करंट क्राइम। वर्ष 1962 63 में दिल्ली को केन्द्रीयकरण करने के उद्देश्य से कमला नेहरु नगर, गाज़ियाबाद क्षेत्र में 3 हजार एकड़ भूमि दी थी जिसका 10-15 प्रतिशत ही अभी तक उपयोग हो पाया है। इसलिए लगभग 40 वर्ष पहले 1975 से 1980 के मध्य में गाज़ियाबाद शहर के अंदर बहुत सारे सरकारी कार्यालय खोले गए। उन सभी कार्यालयों को एवं संस्थानों, जैसे जीडीए, नगर निगम, न्यायलय परिसर तहसील जीएसटी ऑफिस व दिल्ली के भी ऐसे कार्यालय जिनका सम्बन्ध गाज़ियाबाद या उत्तर प्रदेश से ज्यादा है। उनके लिए यह भूमि उपयोग में लाई जा सकती है व इस भूमि पर स्थानांतरित करके भविष्य में गाज़ियाबाद के ट्रेफिक और भीड़-भाड की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार दिल्ली में छोटे छोटे देशों के बहुत सारे दूतावास किराये पर है, उन्हें भी जगह दी जा सकती है व इसी प्रकार अन्य उपयोग में भी लाया जा सकता है।

### गाजियाबाद रेलवे स्टेशन बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन

करंट क्राइम। दिल्ली के अंदर रेलवे स्टेशनों पर बढती हुई भीड़ को देखते हुए गाज़ियाबाद पुराने रेलवे स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय बनाने का काम पहले ही चल रहा है। इसलिए यहां से उत्तर प्रदेश को चलने वाली गाड़ियाँ दिल्ली से चलने की बजाय गाजियाबाद से शुरू हो। रेलवे स्टेशन के समीप विजय नगर पंजाब लाईन की तरफ बहुत बड़ी मात्रा में रक्षा मंत्रालय की जमीन अनउपयोगी पड़ी है। ना ही उस पर कोई योजना है। उस जमीन को अपने अधिग्रहण करके यहाँ पर विशाल पार्किंग व अन्य सुविधाएँ विकसित करके दिल्ली के बोझ को कम किया जा सकता है।



### नये बस अड्डे से दौलतपुरा लोहा मंडी तक ऐलीवेटिड रोड का प्रस्ताव

करंट क्राइम। गाज़ियाबाद में नये बस अड्डे से दौलतपुरा लोहा मंडी तक एक एलीवेटिड रोड बन जाने से जी.टी. रोड पर यातायात का दबाव कम करने में अत्यधिक सुविधा मिलेगी जैसा की सभी बड़े शहरों में चल रहा है। एलीवेटिड रोड को बनाते समय मेट्रो के विस्तारितकरण का भी ध्यान अवश्य रखा जाएँ।

### मेट्रो की कनैक्टिविटी बढ़ाये जाने का रखा गया प्रस्ताव

करंट क्राइम। मेट्रों की विरिस्थत योजना बनाते हुए प्रथम चरण में नोएडा इन्द्रपुरम को जोड़ने का कार्य मेट्रो का विस्तारितकरण करते हुए मेट्रो को दिल्ली से लोनी तक जोड़ने का कार्य व सैक्टर 62 नोएडा से हापुड़ तक का जोड़ने का कार्य योजना में शामिल किया जा सकता है।

### गंगाजल सप्लाई का रखा प्रस्ताव

करंट क्राइम। शहर गाजियाबाद तथा मोहन नगर जोन साहिबाबाद में गंगाजल की सप्लाई व गाजियाबाद में बिजली के तार भूमिगत होने के कार्य के का प्रस्ताव रखा गया।

### विधायक मंजू शिवाच ने रखा नाले के पक्कीकरण का प्रस्ताव

करंट क्राइम। विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर में सिखेड़ा रोड से शुरू होकर कपडा मिल तक नाले का पक्कीकरण व कवर कराने के कार्य का प्रस्ताव रखा गया।

### डेयरी संचालकों को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की रखी मांग

करंट क्राइम। शहर में डेयरी की समस्या को देखते हुए डेयरी संचालकों को हिंडन नदी के किनारे अथवा अन्य जगहों पर अन्य भू-खण्डों में एक यशोदा नामक योजना बनानी अति आवश्यक है। आस - पास के क्षेत्र में हुडको से या एन.सी.आर बोर्ड से पैसे का इंतजाम करके पहले ही डवलप किया जा सकता है। जिससे सुनियोजित विकास सुनिश्चित कर सकें।

### सांसद अतुल गर्ग सहित यह जनप्रतिनिधि रहे बैठक में मौजूद

करंट क्राइम। बैठक में अर्चना अग्रवाल सदस्य सचिव एन.सी.आर. प्लानिंग बोर्ड, लोधी रोड़, नई दिल्ली, अतुल गर्ग, सांसद- गा० बाद लोकसभा, संजीव शर्मा, विधायक - शहर गाज़ियाबाद, सुनीता दयाल महापौर - गाज़ियाबाद, डॉ. मंजू शिवाच विधायक - मोदीनगर, अजीत पाल त्यागी विधायक - मुरादनगर मुख्य रूप से मौजूदरहे।

### नहीं दिखे प्रस्ताव पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की मुहर और उनके साईन

करंट क्राइम। एनसीआर बोर्ड की बैठक हुई और सबसे अहम बात ये थे कि इस बैठक में जहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे वहीं मेयर सुनीता दयाल पहुंची। मोदीनगर की विधायक पहुंची और शहर विधायक संजीव शर्मा तथा मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी पहुंचे। लेकिन सुर्खियों में कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा का इस बैठक में ना होना रहा। दिशा की बैठक में पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही उनके प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे भी थे लेकिन एनसीआर बोर्ड की बैठक में कोई प्रतिनिधि भी नहीं पहुंचा। जब एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन को प्रस्तावों वाला पत्र दिया गया तो इस पर कैबिनेट मंत्री साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा की ना मुहर थी और ना हस्ताक्षर थे। एमएलसी दिनेश गोयल भी इस बैठक से दूर रहे।

## लखनऊ में बोले लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर

# अधिकारी मुख्यमंत्री को मुझे उनका विरोधी बताकर मेरी जनहित की बात को भी गलत सिद्ध कर देते हैं

**लखनऊ, करंट क्राइम :** विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर ने लखनऊ में प्रेसवार्ता करते हुए फिर एक बार प्रदेश के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस व प्रदेश के अधिकारी मुख्यमंत्री को मुझे उनका विरोधी बताकर मेरी जनहित की बात को भी गलत सिद्ध कर देते हैं। नंद किशोर गुर्जर ने अपनी ही सरकार के अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राजधानी लखनऊ के प्रेस क्लब में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की ।


- विधायक नंद किशोर गुर्जर ने की कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

### भ्रष्ट अधिकारियों पर होनी चाहिए कार्रवाई

करंट क्राइम : विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि मैंने आपको बुलाया है कि जो एक नैरेटिव प्रदेश में लगातार बनाया जा रहा है, कि दिल्ली से या उप्र से योगी जी के खिलाफ विधायकों से उन्हें हटाने के लिए अभियान चलवाया जा रहा है। यह बिल्कुल गलत एवं प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के भ्रष्ट अधिकारी इस बात का सहारा लेकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इसका दुष्प्रभाव यह है कि जब कोई विधायक जनता की बात अधिकारी से कहता है तो अधिकारी उसकी बात न सुनकर दुर्व्यवहार करते हैं और मीडिया उस बात को मुख्यमंत्री की विरोधी के रूप में विधायक को स्थापित करती है। पूरे प्रदेश के विधायक एवं जनता इस षडयंत्र से तबाह एंव ग्रस्त है। मेरे साथ अधिकारियों द्वारा लगातार किये जा रहे दुर्व्यवहार का भी यही कारण हैं, क्योंकि अधिकारी मुख्यमंत्री को मुझे उनका विरोधी बताकर मेरी जनहित की बात को भी गलत सिद्ध कर देते हैं।

### लोनी विधायक बोले, मेरा नारको टेस्ट कराया जाए

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा है कि मेरे साथ हुए इतने बड़े घटनाक्रम पर कार्रवाई न होना इसी पाप का परिणाम है। आज तक न मुझे कभी दिल्ली या उत्तर प्रदेश से योगी के खिलाफ कुछ भी कहने का फोन नहीं आया है। इसके लिए मेरा नारको टेस्ट कराया जा सकता है। आपसे सिर्फ यही निवेदन करने आया हूं कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते मेरे साथ हो रहे अन्याय की सच्चाई को दिखाने में मदद करें। नंद किशोर गुर्जर ने कहा है कि पूरे प्रदेश के विधायक इस नैरेटिव से ग्रस्त हैं। जिससे जनता के साथ अन्याय एवं अत्याचार हो रहा है और जन प्रतिनिधि मदद करते है तो उन्हे दिल्ली लखनऊ दरबार से जोड़कर पूरे मामलें को पलट कर बच जाते है और मुख्यमंत्री के हितैशी बने रहते है, जिससे जगह जगह पूरे प्रदेश मे जन प्रतिनिधियों के सरकार के खिलाफ विरोध की बाते आये दिन आती रहती हैं।

# 2020 दिल्ली दंगा मामला: मुश्किल में मंत्री कपिल मिश्रा

## कोर्ट ने दिए एफआईआर के आदेश, मोहम्मद इलियास ने दायर की है याचिका



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा नेता को राउज एवेंन्यू कोर्ट से मंगलवार को झटका लगा है। कोर्ट ने मंत्री कपिल मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित विभिन्न भूमिकाओं की जांच के लिए सुनवाई का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है।

**दंगों के दौरान इलाके में थे कपिल मिश्रा :** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इसे प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाया, जिसमें उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। न्यायाधीश ने कहा कि यह साफ है कि दंगों के दौरान कपिल इलाके में थे। इसमें आगे जांच की जरूरत है।

न्यायाधीश यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, जिसका दिल्ली पुलिस ने विरोध किया और दावा किया कि दंगों में मिश्रा की कोई भूमिका नहीं थी।

**कौन हैं कपिल मिश्रा ? :** कपिल मिश्रा का जन्म पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 13 नवंबर 1980 को हुआ था। उनकी मां अन्नपूर्णा मिश्रा भाजपा नेता रही हैं। वे पूर्वी दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रहीं। भाजपा में कपिल मिश्रा को हिंदुत्व के बड़े चेहरे के रूप में देखा जाता है। कपिल मिश्रा ने भाजपा के टिकट से करावल नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के मनोज कुमार त्यागी को 23,355 वोटों से हराया।

**आम आदमी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे हैं कपिल मिश्रा :** अपने बयानों को लेकर अक्सर चचाओं में रहने वाले कपिल मिश्रा को 2015 में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार में जल और पर्यटन मंत्री बनाया गया था। लेकिन केजरीवाल और सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद उन्हें मंत्रालय हटा दिया गया था।

**आप से बगावत के बाद भाजपा में पहुंचे :** कपिल मिश्रा ने अरविंद केजरीवाल पर 2 करोड़ रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत उन्होंने एसीबी में भी शिकायत की थी। लेकिन मिश्रा इसे साबित करने में असफल रहे।

जिसके बाद कपिल मिश्रा को आम आदमी पार्टी ने पहले मंत्री पद से हटाया और उसके बाद पार्टी से भी बाहर कर दिया। 2019 में कपिल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था।

# दिल्ली विधानसभा में रखी गई प्रदूषण पर कैग रिपोर्ट

**इस ऑडिट रिपोर्ट में अपर्याप्त वायु गुणवत्ता निगरानी, बेंजीन का स्तर तय सीमा से ज्यादा होना, सार्वजनिक परिवहन की कमी और अप्रभावी उत्सर्जन जांच के बारे में पता चला है। इसके साथ ही पीयूसीसी जारी करने में अनियमितता, पुराने वाहन फिटनेस परीक्षण और अनधिकृत वाहन पंजीकरण का भी खुलासा हुआ है।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में प्रदूषण पर कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट पेश की। इस ऑडिट रिपोर्ट में अपर्याप्त वायु गुणवत्ता निगरानी, बेंजीन का स्तर तय सीमा से ज्यादा होना, सार्वजनिक परिवहन की कमी और अप्रभावी उत्सर्जन जांच के बारे में पता चला है। इसके साथ ही पीयूसीसी जारी करने में अनियमितता, पुराने वाहन फिटनेस परीक्षण और अनधिकृत वाहन पंजीकरण का भी खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट पर चर्चा की शुरूआत दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। इस दौरान विपक्ष के गायब रहने पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, 'विपक्ष इसलिए ही सदन में नहीं है, क्योंकि विपक्ष को केजरीवाल जी का फोन आ जाता है, कि वो मेरे कच्चे चिट्ठे खोल रहे हैं और तुम सामने बैठकर सुन रहे हो।'

आगे उन्होंने कहा, 'केजरीवाल जी इतने डिप्रेशन में आ गए हैं कि कभी उनको पंजाब में ले जाया जाता है और बड़ी-बड़ी गाड़ी में बैठाकर आगे पीछे पुलिस की गाड़ियां चलाई जाती हैं, ताकि उन्हें लगे कि वह सत्ता में हैं। जैसे स्कूल का बच्चा जब रोता था तो उसके लिए खिलौना लाते थे, आज केजरीवाल जी को पंजाब सरकार के हेलिकॉप्टर में बैठाकर लेकर गए हैं। वह सदमे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। आज उनको डिप्रेशन से बाहर निकालने के लिए पंजाब की जनता के करोड़ों रुपए बर्बाद किए जा रहे हैं।'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम और शमन पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीं। इसके बाद सदन की कार्यवाही साढ़े तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली में आबकारी नीति से संबंधित कैग रिपोर्ट, स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कैग रिपोर्ट और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) से संबंधित रिपोर्ट सहित अब तक पांच कैग रिपोर्ट सदन के पटल पर रख चुकी है।

# आज लोकसभा में पेश होगा वक्फ बिल

## 8 घंटे तक होगी चर्चा, अखिलेश बोले- विरोध करेंगे, योगी ने कहा- बदलाव समय की मांग

**नई दिल्ली।** वक्फ बिल दो अप्रैल को दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में विपक्ष ने इस बिल पर 12 घंटे चर्चा की मांग की। हालांकि, सरकार ने इस बिल पर चर्चा के लिए आठ घंटे का समय तय किया है।

वक्फ संशोधन बिल को लेकर अब तस्वीर साफ हो गई है। ये बिल दो अप्रैल को दोपहर 12 बजे लोकसभा में आएगा। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में इस पर मुहर लग गई है। सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवाई कर रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अपने सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर सदन में मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कहेगी।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि आठ घंटे चर्चा का समय तय किया गया है। इस समय को बढ़ाया जा सकता है लेकिन सदन की सहमति लेकर के। आजतक से खास बातचीत में किरेन रिजिजू ने कहा कि अब अगर कोई वॉकआउट करके बहाना करना चाहता है, चर्चा से भागना चाहता है तो उसको हम रोक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि चर्चा तो करें। हर दल को अपना पक्ष रखने, अपनी बात रखने का मौका मिलेगा।




संसदीय कार्य मंत्री ने ये भी कहा कि कल प्रश्नकाल के तुरंत बाद इस बिल को विचार एवं पारित किए जाने के लिए सदन में रखना चाहता हूं और चर्चा के लिए आठ घंटे का समय तय किया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि संसद का ये सत्र 4 अप्रैल तक है। लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी इस बिल को पारित कराना होगा। रिजिजू ने कहा कि राज्यसभा में भी तो समय देना पड़ेगा न हमें। लोकसभा जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण राज्यसभा भी है।

उन्होंने कहा कि अब अगर दो दिन लोकसभा में ही चर्चा होगी तो राज्यसभा के लिए समय बचेगा क्या। किरेन रिजिजू ने कहा कि इतना अच्छा बिल हमलोग लेकर आए हैं, रिकॉर्ड में दर्ज होगा कि किसने समर्थन किया और किसने विरोध। उन्होंने ये भी कहा कि कल ही चर्चा होगी, जवाब होगी और लोकसभा से इसे पारित कराना है।

किरेन रिजिजू ने कहा कि हम हाथ जोड़कर विनती करते हैं, बिल पर बोलने के लिए कुछ नहीं है तो बहाना मत बनाइए।

खुलकर बोलिए। उन्होंने ये भी कहा कि चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है लेकिन बिल उसी दिन पारित कराना है। किरेन रिजिजू ने कहा कि बहुत से मुस्लिम भी इस बिल के समर्थन में हैं। जेपीसी में इतनी चर्चा हो चुकी है। इस बिल को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

### विपक्ष ने किया बैठक से वॉकआउट

विपक्ष ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। सरकार की ओर से पहले चार से छह घंटे चर्चा का प्रस्ताव रखा गया था। विपक्षी दलों के नेता वक्फ बिल पर कम से कम 12 घंटे चर्चा की मांग कर रहे थे। सरकार की ओर से दो ही दिन का समय बचा होने की बात कहते हुए दो दिन तक चर्चा जारी रखने में असमर्थता जता दी। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। बाद में आठ घंटे चर्चा की बात पर सहमति बनी और सरकार की ओर से ये भी कहा गया कि चर्चा का समय और बढ़ाया भी जा सकता है।

# कठुआ में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी तीन आतंकियों के छिपे होने की खबर

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार देर रात आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा कठुआ के पंजतीर्थी क्षेत्र में कई निगरानी और सर्च ऑपरेशन चलाया था। 31 मार्च की रात को संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके कारण गोलीबारी हुई। मंगलवार (01 अप्रैल) को सुबह होते ही फिर से तलाशी और आतंकियों के खात्मे का अभियान शुरू किया गया। भारतीय सेना से मिली जानकारी के मुताबिक इलाके में आज भी सर्च ऑपरेशन जारी है।



माना जा रहा है घेरे में तीन आतंकी फंसे हैं, जो सुफैन में अपने दो साथी आतंकियों के मारे जाने के बाद घटनास्थल से भाग निकले थे। इसके बाद ये आतंकी गत दिवस रुई क्षेत्र में देखे गए थे। पंजतीर्थी क्षेत्र रुई क्षेत्र से आगे ही पड़ता है, जो घुसपैठियों का बिलावर तक पहुंचने का पारंपरिक रूट रहा है। बता दें कि गुरुवार को कठुआ जिले के जुथाना गांव में मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकी मारे गए थे, जबकि पुलिस के तीन जवान बलिदान हुए थे। ये जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के जवान थे।

**लोगों से संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का किया आग्रह :** सूत्रों ने बताया कि हिंसक मुठभेड़ के मद्देनजर जंगल में फंसे तीनों आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए रात में घेराबंदी की गई है। इससे पहले दिन में उप महानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने कहा कि अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि अंतिम आतंकवादी को मार नहीं दिया जाता। उन्होंने सीमा के पास रहने वाले लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया।

उन्होंने रियासी में संवाददाताओं से कहा, अभियान जारी है और जब तक एक भी आतंकवादी बचा है, जम्मू-कश्मीर पुलिस अपने मिशन में लगी रहेगी।

# महाकुम्भ में उत्कृष्ट कार्य के लिए यूपी अग्निशमन विभाग को गोवा में मिला सम्मान

## गोवा सीएम ने महाकुम्भ में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए की योगी सरकार की सराहना की

**लखनऊ/पणजी, ।** प्रयागराज महाकुम्भ का समापन हो जाने के बाद इस सफलतापूर्ण आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही अग्निशमन विभाग के कार्य को भी पूरे देश में सराहा जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को गोवा में सीएम डॉ प्रमोद सावंत ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अग्निशमन विभाग की अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती पद्मजा चौहान को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आवास पर हुआ सम्मान महाकुम्भ में अग्निशमन के नोडल अधिकारी रहे प्रमोद शर्मा ने बताया कि गोवा के डायरेक्टोरेट ऑफ फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज नितिन वी रायकर द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां गोवा के मुख्यमंत्री आवास पर



स्वयं मुख्यमंत्री ने प्रदेश अग्निशमन विभाग की एडीजी श्रीमती पद्मजा चौहान को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने उत्तर प्रदेश सरकार और अग्निशमन विभाग के कार्यों की प्रशंसा की। यही नहीं, *एडीजी श्रीमती पद्मजा चौहान ने भी गोवा के मुख्यमंत्री जी के साथ अपने अनुभवो को साझा किया। इस दौरान गोवा के फायर और इमरजेंसी फोर्स के डायरेक्टर नितिन रायकर भी उपस्थित रहे।

# चमत्कारी पादरी बजिंदर सिंह को रेप मामले में आजीवन कारावास

**पंजाब।** मोहाली कोर्ट ने 2018 के यौन उत्पीड़न मामले में पादरी बजिंदर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पिछली सुनवाई में पादरी बजिंदर सिंह को रेप केस में दोषी पाया गाया था। अब अदालत ने बजिंदर सिंह को सजा सुना दी है। पादरी बजिंदर सिंह यौन उत्पीड़न मामले में पीड़िता के वकील एडवोकेट अनिल सागर कहते हैं, वह एक आध्यात्मिक नेता के रूप में लोकप्रिय थे। उनके अनुयायी उन्हें 'पापा जी' कहकर बुलाते थे। जब इस तरह का अपराध ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, तो उसे कठोर सजा मिलनी चाहिए। हम सजा की अवधि से संतुष्ट हैं, जो आजीवन कारावास है। उसे अपनी आखिरी सांस तक सलाखों के पीछे रहना होगा। पादरी बजिंदर सिंह को 28 मार्च 2025 को मोहाली की अदालत ने 2018 के यौन उत्पीड़न मामले में उन्हें दोषी ठहराया था। सजा की घोषणा 1 अप्रैल 2025 को हुई है। एक महिला ने बजिंदर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी, जिसमें यौन उत्पीड़न और हमले के आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा, बजिंदर सिंह पर पहले भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं।




चमत्कार के जरिए लोगों की गंभीर बीमारी ठीक करने का दावा करने वाले पादरी बजिंदर सिंह लम्बे समय विवाद के घेरे में है। सोमवार को यौन उत्पीड़न मामले में सुनवाई पूरी हुई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 2018 में, ढाबा चलाने वाली एक महिला ने धार्मिक उपदेशक बजिंदर पर बलात्कार और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था।

महिला ने पादरी बजिंदर सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ यौन शोषण का मामला दर्ज करवाया था। आरोप लगाया गया था कि बजिंदर ने उसके भरोसे का फायदा उठाया और बाद में उसे अश्लील वीडियो के जरिए धमकाया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता 2017 में बजिंदर के संपर्क में आई थी, जब उसने बोर्ड परीक्षाओं में उसकी मदद करने का वादा किया था। समय के साथ, वह उसके कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार स्वयंसेवकों की टीम का हिस्सा बन गई।

अपनी शिकायत में, महिला ने आरोप लगाया कि बजिंदर ने मोहाली के सेक्टर 63 में अपने आवास पर उसके साथ बलात्कार किया और इस कृत्य को फि ल्माया।

उसने आगे दावा किया कि उसने उसे धमकाने के लिए वीडियो का इस्तेमाल किया, चेतावनी दी कि अगर उसने उसकी मांगों का पालन करने से इनकार कर दिया तो वह इसे सोशल मीडिया पर जारी कर देगा। उसकी शिकायत के बाद, जीरकपुर पुलिस ने बजिंदर के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# एक अप्रैल 2025 से मध्य प्रदेश के 19 धार्मिक शहरों में शराबबंदी




**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सरकार ने 1 अप्रैल, 2025 से 19 धार्मिक शहरों और ग्राम पंचायतों में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। जन आस्था का सम्मान करने और नशा मुक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिए गए इस निर्णय को राज्य मंत्रिमंडल ने 24 जनवरी, 2025 को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में एक बैठक के दौरान मंजूरी दी थी।

निर्णय के अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की संपूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमान कलां, बरमान खुर्द और लिंगा की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा।

### सीएम ने बताया एतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस कदम को धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने और आध्यात्मिक महत्व वाले क्षेत्रों में शराब के सेवन को हतोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।शराब पर प्रतिबंध एक नगर निगम, छह नगर पालिका परिषदों, छह नगर परिषदों और छह ग्राम पंचायतों में लागू किया जाएगा। इन प्रमुख पवित्र शहरों में शराबबंदी लागू की जा रही है उनमें बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन, प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी का उद्गम स्थल अमरकंटक, महेश्वर, ओरछा रामराजा मंदिर क्षेत्र, ओंकारेश्वर शामिल है। इसके अलावा मंडला में सतधारा क्षेत्र, मुलताई में ताप्ती उद्गम क्षेत्र, पीतांबरा देवी पीठ दतिया, जबलपुर भेड़ाघाट क्षेत्र, चित्रकूट, मैहर, सलकनपुर, सांची, मंडलेश्वर, वृन्दावन, खजुराहो, नलखेड़ा, पशुपतिनाथ मंदिर, क्षेत्र मंदसौर, बरमान घाट और पन्ना शामिल हैं। ऐसे में 1 अप्रैल 2025 से इन सभी इलाकों में पूर्ण शराबबंदी होगी।

### शराब प्रतिबंध का उद्देश्य

इस कदम के साथ, मध्य प्रदेश कई अन्य भारतीय राज्यों में शामिल हो गया है, जिन्होंने धार्मिक या सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शराब निषेध नीतियाँ लागू की हैं।

# राहत: कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 41 रुपये हुआ सस्ता




**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कटौती की गई है। नई कीमत आज से लागू हो जाएगी। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1762 रुपये में मिलेगा।

घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले एक जनवरी को भी वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14.50 रुपये की कटौती की गई थी।

**व्यापारी वर्ग को मिलेगा लाभ :** तेल कंपनियां वैश्विक कच्चे तेल की दरों और अन्य कारणों से कीमतों में बदलाव करती हैं। दिसंबर में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 62 रुपये का इजाफा किया गया था। नई कीमतों का लाभ व्यापारियों वर्ग को मिलेगा। रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इन सिलेंडरों का इस्तेमाल होता है।

बता दें कि टैक्स और परिवहन लागतों के आधार पर एलपीजी की कीमतें हर राज्य में अलग-अलग हो सकती हैं।

**मार्च में 6 रुपये बढ़ी थी कीमत :** पिछले महीने एक मार्च को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 6 रुपये का इजाफा किया था। हालांकि पिछले पांच सालों में सबसे कम मूल्य वृद्धि 2025 में हुई है।

# पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में गैस सिलेंडर विस्फोट, सात की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा में सोमवार रात भीषण हादसा हो गया। यहां एक घर में गैस सिलेंडर में भीषण विस्फोट हुआ, जिसके कारण आठ लोगों की मौत हो गई। सुंदरबन पुलिस जिले के एसपी कोटेश्वर राव ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चों और दो महिलाएं भी शामिल हैं। मृतक संभवतः एक ही परिवार के थे। उन्होंने यह भी बताया कि पाथर प्रतिमा ब्लॉक के धोलाघाट गांव में रात करीब 9 बजे हुए विस्फोट में एक महिला भी घायल हुई। सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक घर में हुए विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की मंगलवार सुबह मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या आठ हो गई। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को पाथर प्रतिमा के धोलाहाट में एक घर में हुए गैस सिलेंडर विस्फोट में चार बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई थी।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'सुतापा जना लगभग 75 प्रतिशत जल गई थी और आज सुबह कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में उसकी मौत हो गई।' उन्होंने बताया कि अन्य मृतकों की पहचान प्रभाती बानिक (80), अरबिंद बानिक (65), स्वंतना बानिक (28), अर्नब बानिक (9), अनुष्का बानिक (6) और दो छह महीने के बच्चे अस्मिता और अंकित के रूप में हुई है।

**टीएमसी विधायक का बड़ा दावा :** पाथर प्रतिमा के टीएमसी विधायक समीर कुमार जना ने कहा कि घर से कुछ मीटर की दूरी पर एक अधिकृत पटाखा निर्माण इकाई थी। वे काफी समय से व्यवसाय चला रहे थे और मुझे जानकारी है कि उनके पास लाइसेंस था। कल रात उनके घर में विस्फोट हुआ। संभवतः उन्होंने वहां पटाखे बनाने के लिए कुछ कच्चा माल रखा हुआ था।

**पटाखा बनाने की इकाई का दावा गलत :** सुंदरबन के पुलिस अधीक्षक कोटेश्वर राव ने बताया कि जिस दो मंजिला घर में यह घटना हुई, उसमें परिवार के 11 सदस्य रहते थे। उन्होंने पीटीआई से कहा, 'यह गलत है कि घर के अंदर पटाखा बनाने की इकाई चल रही थी। यह एक आवासीय इमारत थी। कोई पटाखा इकाई नहीं चल रही थी।' उन्होंने जोर देकर कहा कि यह इमारत एक आवासीय क्षेत्र में स्थित है और वहां पटाखा इकाई होने का कोई सवाल ही नहीं है।




# किस बूते विपक्ष करेगा गाजियाबाद में भाजपा का मुकाबला

## कांग्रेस खामोश और बसपा-सपा में भी नहीं दिखाई देता कोई जोश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति के सियासी समर में रणनीति कौशल जरूरी होता है। हर सियासी दल एक रणनीति के तहत अपनी चुनावी तैयारियों को शुरू करता है। वो इस बात को सुनिश्चित करता है कि जनता के बीच हमें क्या पैगाम लेकर जाना है। इसके लिए वो मोहल्ला स्तर पर कमेटियां गठित करते हैं। राष्ट्रव्यापी और प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर नजर रखते हैं। इसके बाद चुनावी तैयारियां शुरू हो जाती है।

बात अगर गाजियाबाद की करें तो यहां आपको भाजपा अभी से 2027 की चुनावी तैयारियों में पूरी तरह से बिजी दिखाई दगी। बीते दिनों उनके सम्मेलन हुए और उनके संगठन के बड़े नेता कह गये कि जो टीम अब तैयार होंगी उनमें मंडल स्तर पर भी ये ध्यान रखा जाये कि हमें 2027 के लिए चुनावी योद्धा तैयार करने हैं। वो बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर ढोल बजाकर नेम प्लेट लगा रहे हैं। वो सम्मेलन बुला रहे हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल ये खड़ा होता है कि जो गाजियाबाद धीरे-धीरे भाजपा का अपराजय गढ़ बनता जा रहा है। उस गढ़ में विपक्ष भाजपा का मुकाबला कैसे करेगा। विपक्ष की क्या रणनीति रहेगी। विपक्ष किन मुद्दों को लेकर आयेगा। अगर पुराने ट्रैक रिकार्ड को देखें तो भाजपा यहां विपक्ष के बड़े चेहरों को अपने नए और अपेक्षाकृत कम अनुभव वालें चेहरों से मात दे चुकी है।




वर्ष 2014 में कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्ष राजबब्बर को चुनावी मैदान में उतारा और यहां भाजपा ने भौगोलिक रूप से सामाजिक रूप से और राजनीतिक रूप से बिल्कुल नए चेहरे के रूप में जनरल वीके सिंह को मैदान में उतारा और ये भाजपा की रणनीति थी कि भाजपा के इस नए चेहरे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित बाकी सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त करा दी थी। विधान परिषद चुनाव में भाजपा ने फिर अपनी रणनीति बदली और लॉकडाउन में वो अपनी कार्यकर्ता फौज के साथ ऑनलाइन आ गये। उन्होंने पुराने चेहरों के वोट बैंक को टच भी नहीं किया और पता भी नहीं लगने दिया कि कब उन्होंने खुद का वोट बैंक संख्या में टूमच कर लिया। नतीजा ये हुआ कि कई दशकों से एमएलसी सीट पर काबिज ओम प्रकाश शर्मा ने भाजपा ने अपने नए चेहरे दिनेश गोयल के दाव से बुरी तरह चित किया और बड़ी जीत हासिल की। विधानसभा में भाजपा के सामने अन्य विपक्षी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई। अब सवाल यही है कि विपक्ष किस बूते गाजियाबाद में भाजपा का मुकाबला करेगा।

### कांग्रेस के नए अध्यक्षों का नहीं दिखता कोई खास असर

करंट क्राइम। कांग्रेस ने एक बार फिर से अपने संगठन की कमान बदली। यहां उसने महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी को हटाकर उनके स्थान पर दलित कार्ड खेला और पूर्व पार्षद वीर सिंह जाटव को महानगर अध्यक्ष बनाया। जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी के स्थान पर सतीश शर्मा डासना को जिलाध्यक्ष बनाया। नए अध्यक्षों की घोषणा भी हो गई और स्वागत का जो सिलसिला दिखाई देना चाहिए था वो कहीं नहीं दिखा। सुना है कि महानगर वाले दफ्तर में बैठने के लिए 5 अप्रैल का इंतजार हो रहा है। मजदूरों के, किसानों के, ठेली-पटरी वालों के मुद्दों को लेकर क्या रणनीति रहेगी, कुछ नहीं पता। मुस्लिमों को दलितों को किस तरह से साधा जायेगा, कोई प्रोग्राम नहीं है। यदि कांग्रेस के भीतर ही कांग्रेसियों की गतिविधियों को देखें तो नए अध्यक्षों के आने का भी कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। आलम यह है कि नए अध्यक्षों के स्वागत में कोई होर्डिंग या कार्यक्रम कहीं दिखाई नहीं दिया है।

### सपा में ठंडी टीम के साथ फैसल और वीरेन्द्र

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी की बात करें तो यहां वो वोट बैंक और कार्यकर्ता फौज दोनों के हिसाब से सियासी रण में पीछे चल रही है। हालांकि सपा ने यहां युवा चेहरों को कमान दी और ये एक इत्तेफाक रहा कि दोनों ही चेहरे ऐसे आये जिनके पिता भी अध्यक्ष रहे हैं। सपा के जिलाध्यक्ष रहे साजिद हुसैन के बेटे फैसल हुसैन जिलाध्यक्ष बने। समाजवादी नेता राम दुलार यादव के पुत्र वीरेन्द्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष बने। दोनों अध्यक्षों ने जोर भी लगाया लेकिन सवाल यही है कि ठंडी टीम के साथ कहां तक आगे बढ़ें। सपा संगठन की ओर से समय समय पर कार्यक्रम भी आते हैं। लेकिन यहां दिक्कत ये है कि पुराने समाजवादी अब आरडीसी की तरफ नहीं आते हैं। नए समाजवादी मुद्दों को लेकर एक होने के बजाय क्रेडिट वाले सीन में आपस में उलझ जाते हैं। कोई सदस्यता अभियान ऐसा नहीं चला जिसमें सपा ने नए कार्यकर्ता बनाये हों। कोई मुद्दा ऐसा नहीं रहा जिसमें समाजवादी नेता जनता के साथ आये हों। जबकि इसके ठीक उलट सीन भाजपा में है। वो हर मुद्दें पर जनता के बीच हैं और मोर्चा खोलते दिखाई देते हैं।

> **राजनीति के सियासी समर में रणनीति कौशल जरूरी होता है। हर सियासी दल एक रणनीति के तहत अपनी चुनावी तैयारियों को शुरू करता है। वो इस बात को सुनिश्चित करता है कि जनता के बीच हमें क्या पैगाम लेकर जाना है।**

### बसपा में आया राम-गया राम वाले हालात

**करंट क्राइम।** अगर बसपा की बात करें तो वो यहां सियासी मुकाबलें में वोट बैंक समीकरण से सबसे मजबूत है। उसका कैडर वोट यहां बड़ी संख्या में है। अगर मुस्लिम वोट उसे मिलते हैं तो वह और ताकतवर होती है। इसकी सबसे बड़ी मिसाल वो चुनाव है जब वहाब चौधरी जैसे नेता शहरी क्षेत्र में फोकस किये बिना केवल इसी वोट बैंक के दम पर जीत गये थे। 8 बार के विधायक रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी को सपा के टिकट पर लड़ कर भी नजदीकी हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा इस विधानसभा में तीसरे स्थान पर आई थी और कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी। लेकिन इसके बाद फिर बसपा का डीएम फेल हो गया। आज ये हालत है कि बसपा में अध्यक्ष पद ही आया राम, गया राम वाला हो गया है। कार्यकर्ताओं तक को पता नहीं चलता कि कब नए अध्यक्ष आ गये और कब नए अध्यक्ष को हटा दिया गया और फिर नए अध्यक्ष आ गये। जब संगठन ही टीम तय नहीं कर पा रहा तो फिर कार्यकर्ता कहां से जुड़ें और वोट बैंक को कौन पार्टी की रीति नीति समझायेगा।

### रालोद के हरियाले ले रहे हैं सरकार वाली केसरिया फीलिंग

**करंट क्राइम।** वो दौर और था जब रालोद वाले मुकाबला कर रहे थे। हाथरस वाली लाठियां तो कब की भूल चुके। अब तो सियासी दोस्ती है और दोस्ती के शाही ईनाम भी मिले हैं। पार्टी के मुखिया सरकार में मंत्री हैं। पार्टी के नेता अब भाजपा के सहयोगी हैं। उन्हें भी आराम है और भाजपा के पास भी कई काम है। बड़ी बात ये है कि भाजपा वाले भी रालोद वालों को आराम वाले मोड में रख रहे हैं और काम वाले मोड में वो खुद हैं। निगम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक भाजपा वालों ने रालोद वालों को चुनावी का कोई काम नहीं बताया। इधर रालोद वाले भी अब खुद को पार्ट ऑफ सरकार मान रहे हैं। रालोद के हरियाले अब पूरी तरह से सरकार वाली केसरिया फीलिंग ले रहे हैं। अगर आज सियासी ब्रेक अप हो जाये तो रालोद वालों को ये सोचने में ही समय लग जायेगा कि इस सरकार को घेरना किन मुद्दों पर है इसकी आलोचना किन विषयों पर करनी है।

---

### नवरात्र में भी पीने वालों का कम नहीं हो रहा है आंकड़ा, जारी है पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

# 3 दिनों में 1619 पर हुई कार्रवाई, सार्वजनिक स्थानों पर छलका रहे थे जाम

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत बीते लंबे समय से सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस अभियान को पुलिस ने नवरात्र के दिनों में भी ताबड़तोड़ तरीके से जारी रखा हुआ है। जिसका नतीजा है कि बीते तीन दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में कुल मिलाकर 1619 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब छलकाने के मामले में कार्रवाई की गई है। इसमें सिटी जोन की पुलिस कार्रवाई के मामले पर टॉप पर है। तो देहात और नदिया पार पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है।






| 3 दिनों की कार्रवाई का आंकड़ा | 30 मार्च | 31 मार्च | 1 अप्रैल |
|---|---|---|---|
| | 543 | 561 | 515 |

### पहले नवरात्र पर 543, तो तीसरे पर 515 पर लिया गया एक्शन

करंट क्राइम : बीते तीन दिनों से नवरात्रि और नवरात्रि के दौरान भी शराब पीने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। वह सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलका रहे हैं, जिनपर पुलिस कार्रवाई कर रही है। जिसमें अब तक कुल 1619 लोगों को टारगेट किया गया है। बता दें की गाजियाबाद पुलिस प्रतिदिन तीनों जोन में तीन घंटे का अभियान चलाती है। जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई होती है, उनके चालान भी किए जाते हैं।

### सिटी जोन कार्रवाई में लगातार बना हुआ है टॉप

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत तीनों जोन में प्रतिदिन कार्रवाई की जाती है लेकिन सिटी जोन सबसे कम थाने होने के बावजूद टॉप पर बना हुआ है। बीते तीन दिनों में जहां सिटी में 30 मार्च को 219, 31 मार्च को 251 और 1 अप्रैल को 231 लोगों पर कार्रवाई की गई है। जिसकी वजह से लगातार सिटी जोन पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की कार्रवाई में टॉप पर बना हुआ है।

---

### सीएम के निर्देश पर शुरू हुआ परिवहन विभाग का विशेष अभियान

# पहले ही दिन गाजियाबाद में बिना लाइसेंस वाले 15 ई-रिक्शा जब्त

### शहर के कई मार्गों पर पुलिस और परिवहन विभाग करेगी ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया था। उसी क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से 1 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। परिवहन विभाग के अलग-अलग प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा मंगलवार को अभियान के पहले दिन 20 से अधिक ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई करते हुए 15 ई-रिक्शाओं को जब्त कर दिया गया है। साथ ही पूरे जनपद में इस अभियान को प्रतिदिन चलाने का निर्देश दिया गया है।



### पूरे अप्रैल माह चलेगा चेकिंग का विशेष अभियान



करंट क्राइम : परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है कि इस अभियान को पूरे 30 दिन चलाया जाएगा। इस विशेष चेकिंग अभियान के तहत खासकर ई-रिक्शा वाहन चालकों और नाबालिक छात्रों को टारगेट किया जाएगा और उन पर कार्रवाई होगी। अभियान परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, अमित राजन राय, मनोज कुमार मिश्रा, मनोज कुमार और राजेश्वर कुशवाहा द्वारा अलग-अलग जोन में चलाया गया और कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### यातायात अवरुद्ध करने वाले और बिना लाइसेंस वालों पर होगी कार्रवाई

करंट क्राइम : परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिस भी मार्ग पर यातायात अवरुद्ध होता है और ई- रिक्शा चालक बिना लाइसेंस के वाहनों का संचालन करते हुए पाए गए तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि प्रत्येक इलाके में परिवहन विभाग अभियान चलाएगी। फिर इसी में यातायात पुलिस भी उनके साथ देगी ताकि सड़क हादसों में कमी लाने के साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना के साथ जाम और हादसा मुक्त बनाया जा सके।

---

# ऋण मुक्त हुआ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में रचा नया कीर्तिमान

## उपाध्यक्ष द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों से जीडीए ने सुधारी अपनी वित्तीय स्थिति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने सफल नेतृत्व के बल पर वर्षों से चला आ रहा ऋण का बोझ पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। वर्षों से 1500 करोड़ रुपये के ऋण से दबा हुआ प्राधिकरण अब ऋण मुक्त हो गया है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वर्ष 2016 से 2020 के बीच एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से 700 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2018-19 के दौरान इंडियन बैंक से मधुबन बापूधाम योजना के लिए 800 करोड़ रुपये का ऋण लिया गया था। इस ऋण के कारण जीडीए को अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ता था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए, गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण ने 1294 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले लगभग 1600 करोड़ रुपये की आय अर्जित की।




### आगामी वित्तीय वर्ष में जीडीए ने 3000 करोड़ के बजट का प्रस्ताव रखा

**करंट क्राइम।** आगामी वित्तीय वर्ष में जीडीए ने 3000 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा है, जिसमें से 1800 करोड़ रुपये को पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) में निवेश किया जाएगा। शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न प्रमुख योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। राजनगर एक्सटेंशन में 60 करोड़ रुपये की लागत से चार प्रमुख सड़कें निमार्णाधीन हैं। मधुबन बापूधाम में रेलवे ओवरब्रिज (फ्लाइ) निर्माण कार्य प्रगति पर है। इंदिरापुरम में 15 करोड़ रुपये की लागत से संस्कृत दर्शन पार्क एवं ग्रीन वुड पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। कोयल एन्क्लेव योजना के अंतर्गत रामायण आधारित थीम पार्क का भी प्रस्ताव है।

### जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में गठित समिति ने भूमि खरीद की दर निर्धारित की



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री शहरी विस्तार योजना के तहत हरनंदीपुरम योजना के लिए 400 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। मास्टर प्लान एवं मानचित्र अनुभाग से 450 करोड़ रुपये की आय हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40% अधिक है। संपत्तियों की बिक्री से 350 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40% अधिक है। शमन शुल्क के रूप में लगभग 390 करोड़ रुपये की आय हुई। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा हरनंदीपुरम योजना के तहत भूमि खरीदने की प्रक्रिया शुरू की गई है। हाल ही में, गाज़ियाबाद के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति ने भूमि खरीद की दर को निर्धारित किया है, जो संबंधित सर्कल रेट से चार गुना अधिक होगी। इन उल्लेखनीय वित्तीय सुधारों के चलते, गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण ने 800 करोड़ रुपये के मधुबन बापूधाम ऋण को पूर्ण रूप से चुकता कर दिया है। साथ ही, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के 700 करोड़ रुपये के ऋण के विरुद्ध सभी दायित्वों को समाप्त करते हुए 165 करोड़ रुपये के शेष भुगतान की सुरक्षा हेतु 300 करोड़ रुपये की एफडीआर भी जमा कर दी है।

### हरनंदीपुरम को गति देने के लिए जीडीए पूरी तरह तैयार

**करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की यह अभूतपूर्व उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही नेतृत्व और वित्तीय अनुशासन के माध्यम से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। प्राधिकरण न केवल ऋण मुक्त हुआ है, बल्कि अब नई योजनाओं जैसे हरनंदीपुरम को गति देने और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जीडीए की यह सफलता शहर के सुनहरे भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

# नोएडा में डीजीपी बोले : यूपी में नहीं बचा कोई माफिया

## कुंभ और कोविड में उम्मीद से बढ़कर दी सेवाएं

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में बेहतर पुलिसिंग के लिए 26 स्थानों पर वीडियो वॉल, 10 पिंक बूथ और 2 थानों पर ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट, 8 पुलिस चौकियों व पुलिस लाइन में बने भवनों का आज लोकार्पण पुलिस महानिदेशक उप्र प्रशांत कुमार ने किया। इस मौके पर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि एनजी, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम मौजूद रहे। कार्यक्रम नोएडा पुलिस कमिश्नरेट सेक्टर-108 में किया गया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक उप्र प्रशांत कुमार ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी ही उप्र में बदलते पुलिसिंग की एक झलक है। प्रदेश में कोई बड़ा माफिया बचा नहीं। लेकिन एक अन्य तरीके के माफिया आ रहे है जो अच्छी पोजिशन में रहते है और गठजोड़ बनाते है। ये प्रजातंत्र के मूल स्तंभ है जो नेक्सेस बनाकर पुलिस पर प्रेशर पैदा करते है। उस पर कड़ा एक्शन लिया जा रहा है।





### कोविड और कुंभ में ड्यूटी बिफोर सेल्फ

कोविड और कुभं के दौरान जो पुलिस ने सेवाएं दी। डियूटी बिफोर सेल्फ यानी अपनी परवाह न करते हुए सेवाएं देना। ऐसी सेवाएं दी जिनकी कोई ट्रेनिंग नहीं दी गई। ऐसे बहुत से उदाहरण है। जिसमें परिवार के लोग विदेशों में है यहां कोई घटना हो गई वो आ नहीं सकते। ऐसे में उनकी अंतेष्टी भी पुलिस वालों ने धार्मिक तरीके से कराई। वीडियो पर करवाकर दिखाया। 112 की गाड़ियों ने दवा, दूध, सब्जी तक पहुंचाई। उसकी कोई ट्रैनिंग पुलिस को नहीं दी गई थी। महाकुंभ हुआ इसमें केवल कुछ जगहों पर स्पेशल पुलिस के पास ही वेपन थे। बाकी पुलिस रस्सी, सीटी और लाउड हेलर की बदौलत 45 दिन के अंदर 66 करोड़ लोगों को स्नान करवाया।

## संपादकीय

# उभरता विनिर्माण क्षेत्र

सरकार देश को एक बड़ा विनिर्माण केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है। इससे न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी, बल्कि भारत दुनिया के कई क्षेत्रों में अगुवा भी बनेगा। भारत अपने बड़े संसाधनों और कुशल कामगारों का इस्तेमाल करके विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन सकता है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन जैसे क्षेत्रों के लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के प्रयास जापान की कंपनियों के लिए यहां निवेश के नए अवसर खोल रहे हैं। भारत विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। जैसे सेमीकंडक्टर विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के निष्कर्षण जैसे अग्रणी क्षेत्रों के लिए उद्योग-विशिष्ट प्रोत्साहन और वित्तीय पैकेज प्रदान करना। 2014 से 2024 के बीच भारत ने 667.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया है। भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन निमार्ता है। युवा और तेजी से समृद्ध होते मध्यम वर्ग द्वारा संचालित भारत का विशाल घरेलू बाजार, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन कलपुर्जा से लेकर स्वास्थ्य सेवा और खाद्य प्रसंस्करण तक सभी क्षेत्रों में मजबूत आंतरिक मांग सुनिश्चित करता है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात 44.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सर्वेक्षण के अनुसार भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की गति जारी है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए कई पहलें की जा रही हैं। इनमें ह्यमेक इन इंडियाह्न पहल, राष्ट्रीय विनिर्माण नीति, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और हरित विनिर्माण शामिल हैं। मेक इन इंडिया पहल को एक दशक पूरा हो चुका है। मेक इन इंडिया योजना का मकसद भारत को मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। यानी भारत का जोर नवाचार और आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने पर है। नवीकरणीय ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकियों और उन्नत विनिर्माण में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है कि भारतीय उत्पाद उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा कर सके। उद्योग विशेषज्ञों ने वर्तमान चरण को भारत के औद्योगिक उछाल का स्वर्ण युग करार दिया है। वो दिन दूर नहीं जब भारत औद्योगिक उत्पादन का केंद्र होगा और पूरी दुनिया भारत की तरफ देखेगी।

# 'पूंजीगत व्यय में नहीं की गई कटौती'

## एफ वाई 26 के लिए यह बढ़कर 11.21 लाख करोड़ रुपये : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** पूंजीगत व्यय में कटौती नहीं की गई है, बल्कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इसे बढ़ाकर 11.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है और इसी वर्ष पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों को दिए जाने वाले ऋण में भी आनुपातिक वृद्धि की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि 2024-25 में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यवास्तव में, इस साल बजट में यह 11.21 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसलिए, पूंजीगत व्यय में बिल्कुल भी कटौती नहीं की गई है। पूंजीगत व्यय के लिए ब्याज मुक्त 50 वर्षीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत राज्यों को दिए जाने वाले ऋण में आनुपातिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, इसलिए, पूंजीगत व्यय में कटौती करना हमारे लिए संभव नहीं है। सीतारमण वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

चिदंबरम ने वित्त वर्ष 2025 के लिए संशोधित बजट अनुमान में पूंजीगत व्यय को 11.11 लाख करोड़ रुपये से घटाकर 10,18,429 करोड़ रुपये करने का कारण पूछा था। इसी तरह, उन्होंने बताया कि राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता को वित्त वर्ष 2025 के लिए संशोधित बजट अनुमान में 3,90,778 करोड़ रुपये से घटाकर 2,99,891 करोड़ रुपये कर दिया गया था। एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र इस बात की निगरानी करता है कि राज्य पूंजीगत व्यय या किसी अन्य चीज के लिए धन का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब धन भेजा जाता है, तो मुझे तुरंत पता नहीं चलता कि इसका उपयोग पूंजीगत व्यय के लिए किया गया है या नहीं।

# मार्च में जीएसटी संग्रह 9.9% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से हुआ अधिक


**नई दिल्ली।** मार्च में सकल जीएसटी संग्रह 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सरकार ने मंगलवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपये हो गया। मार्च के दौरान कुल रिफंड 41 प्रतिशत बढ़कर 19,615 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिफंड समायोजित करने के बाद, मार्च 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है।




# बाजार में 2020 के बाद वित्तीय वर्ष की सबसे खराब शुरूआत

## सेंसेक्स 1390 तो निफ्टी 353 अंक गिरा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में वित्तीय वर्ष 2025-26 की 2020 के बाद सबसे खराब शुरूआत हुई। ईद की छुट्टी के बाद मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,390.41 अंक या 1.80 प्रतिशत गिरकर 76,024.51 पर बंद हुआ। इसके 28 घटक शेयरों में गिरावट रही और केवल दो बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दिन के कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स सूचकांक 1,502.74 अंक या 1.94 प्रतिशत गिरकर 75,912.18 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 351.15 (1.49%) अंक लुढ़ककर 23,168.20 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में यह एक महीने के दौरान एक दिन में दर्ज की गई सबसे बड़ी गिरावट थी। सेंसेक्स के दिग्गज शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, इंडसइंड बैंक 5% चढ़ा सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। लाभ में रहने वालों में इंडसइंड बैंक में 5 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई, जबकि जोमैटो में मामूली बढ़त रही।



जानकारों के अनुसार कल होने वाली अमेरिकी पारस्परिक टैरिफ घोषणा से पहले वैश्विक अस्थिरता के बीच, बाजार में भारी बिकवाली दिखी। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी बाजार में अनिश्चितता के कारण आईटी क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ।

## हाईकोर्ट से पूर्व सेबी प्रमुख बुच को राहत

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से दो श्रेणियों के निवेशों, वैकल्पिक निवेश, फंड और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के संबंध में सेबी की ओर से गैर-नियमन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, श्याचिकाकर्ता को प्रतिवादी (सेबी) के समक्ष विस्तृत जानकारी पेश करने का आदेश दिया जाता है। जिसमें इस रिट याचिका में उल्लिखित शिकायतों को व्यक्त किया गया है। यदि प्रतिवादी के समक्ष ऐसा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। पूर्व सेबी चीफ व पांच अन्य को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत पूर्व सेबी चीफ माधवी पुरी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने विशेष अदालत के एक आदेश पर लगी अंतरिम रोक की अवधि बढ़ा दी है। विदेश अदालत ने अपने आदेश में बुच और पांच अन्य लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज करने का निर्देश दिया था।




## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पिता- बेटी तुम पहले मुझे पापा कहती थी..
और अब डैड कहती हो ऐसा क्यों..
बेटी- ओह डैड, आप भी न..
पापा कहने से लिपस्टिक खराब हो जाती है..
पिता बेहोश!

---

डॉक्टर : आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
पिंटू : पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर : अरे, तो खाने से इनकार कर देते।
पिंटू : डॉक्टर साहब, वही तो किया था।

---

पति- ये क्या, तुम एक और सूट ले आई ? अभी परसों ही तो
पत्नी (गुस्से में)- क्या कहा? क्या, परसों क्या? बोलो?
पति- नहीं, परसों भी एक ही लाई थी,
आज दो लेकर आना था।

---

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
टोलू - यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं.
बैंक मैनेजर- ऐसा अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
टोलू- जलेबी बाई!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 267 दिन बाद टी20 में वापसी करने वाले हिटमैन का बल्ला अब तक खामोश, तोड़ा 15 साल पुराना रिकॉर्ड



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा का बल्ला अब तक खामोश है। हिटमैन ने पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल खेलने के बाद पहली बार किसी टी20 टूनामेंट में हिस्सा लिया, लेकिन उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। आईपीएल के 18वें सत्र में उन्होंने अब तक तीन पारियां खेली हैं और कुल मिलाकर 21 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आईपीएल की शुरूआती तीन पारियों के बाद सबसे कम स्कोर बनाने का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

21 रन रोहित का आईपीएल में शुरूआती तीन पारियों को मिलाकर दूसरा सबसे कम एग्रीगेट स्कोर है। उन्होंने 2010 का अपना रिकॉर्ड तोड़ा। 2010 आईपीएल में हिटमैन ने अपनी शुरूआती तीन पारियों को मिलाकर 33 रन बनाए थे। वहीं, 2017 का आईपीएल सत्र रोहित के लिए सबसे खराब रहा था। तब के सीजन में हिटमैन ने अपनी तीन शुरूआती पारियों को मिलाकर नौ रन बनाए थे। वहीं, 2018 आईपीएल में हिटमैन ने अपनी शुरूआती तीन पारियों को मिलाकर 44 रन बनाए थे।

### रोहित एक बार शून्य पर भी आउट हुए

आईपीएल 2025 में रोहित ने अपने अभियान की शुरूआत चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शून्य से की थी। इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ वह आठ रन बना सके थे। वहीं, केकेआर के खिलाफ वह 13 रन ही बना सके। हालांकि, मुंबई को इस मैच में इसका फर्क नहीं पड़ा और एमआई की टीम केकेआर को आठ विकेट से हराने में कामयाब रही। 117 रन के लक्ष्य को मुंबई की टीम ने 12.5 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

### इम्पैक्ट सब के तौर पर मैदान पर उतरे

रोहित की हालत ऐसी है कि सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्हें इम्पैक्ट सबस्टीट्यूट के तौर पर उतारा गया। वह फील्डिंग करने नहीं आए। रोहित 267 दिन बाद आईपीएल के जरिये टी20 खेलने उतरे थे, लेकिन उनका यह मकसद अब तक सफल नहीं हो सका है। पिछले सीजन उन्हें मुंबई की कप्तानी से भी हाथ धोना पड़ा था। अब इस सीजन भी वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं। हिटमैन आईपीएल की अपनी पिछली 10 पारियों में सिर्फ 141 रन ही बना सके हैं। उन्होंने सिर्फ एक बार 20 से ज्यादा रन (पिछले सत्र में लखनऊ के खिलाफ 68 रनों की पारी खेली) बनाए थे। इस दौरान उनकी पारी- 13, 8, 0, 68, 19, 4, 11, 4, 8, 6 रन की रही है।

# रोहित-विराट बीसीसीआई कॉट्रैक्ट लिस्ट में ए-प्लस ग्रेड में ही रहेंगे

## श्रेयस की वापसी होगी; अभिषेक, नीतीश और वरुण को मिल सकता है मौका



**मुंबई।** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर्स विराट कोहली और रोहित शर्मा बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में ए प्लस ग्रेड में ही रहेंगे। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड दोनों खिलाड़ियों को टी-20 से रिटायरमेंट के बावजूद ए प्लस ग्रेड में रखने पर विचार कर रहा है। इस ग्रेड में दोनों प्लेयर्स को सालाना 7 करोड़ रुपए मिलेंगे। बोर्ड का मानना है कि इन दोनों खिलाड़ियों को वह सम्मान मिलना ही चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। सूत्रों ने बताया कि टीम इंडिया के नंबर 4 बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। श्रेयस अय्यर को कुछ घरेलू मैच न खेलने की वजह से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटा दिया गया था।

अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में करीब 49 की औसत से बनाए रन अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूनामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे।

रोहित, विराट और जडेजा ग्रेड ए+ में बरकरार वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ए+ में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी ए+ ग्रेड में बने रहेंगे।

घरेलू क्रिकेट में श्रेयस ने शानदार प्रदर्शन किया पिछले साल श्रेयस और ईशान किशन को डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से हटा दिया गया था। इसके बाद श्रेयस ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और आखिरी रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए पांच मैचों में 480 रन बनाए। नौ मैचों में 345 रन बनाकर श्रेयस सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 325.00 की शानदार औसत से पांच मैचों में 325 रन बनाए।

अभिषेक, नीतीश और वरुण पहली बार हो सकते हैं शामिल अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी और और वरुण चक्रवर्ती पहली बार बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल हो सकते हैं। वरुण ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 9 विकेट लिए थे। नीतीश ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 2024-25 के खेले 12 टी-20 इंटरनेशनल में 200.48 की स्ट्राइक से 411 रन बनाए है।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट बड़े बदलाव की ओर, टेस्ट कप्तानी से हटे ब्रेथवेट, शाई होप को टी20 की कमान



**नई दिल्ली।** कई बड़े आईसीसी टूनामेंट्स से नदारद रहने के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट अब बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में क्रेग ब्रेथवेट ने चार साल बाद वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को बताया कि शाइ होप को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। 32 वर्ष के ब्रेथवेट को मार्च 2021 में जेसन होल्डर की जगह कप्तान बनाया गया था। वहीं वनडे टीम के कप्तान होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी20 टीम की कप्तानी दी गई है। रोवमन पॉवेल मई 2023 से टी20 कप्तान थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा, 'ब्रेथवेट चाहते थे कि उनके खेल को अलविदा कहने से पहले टीम बदलाव के दौर से गुजर जाए। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले उन्होंने कप्तानी छोड़ दी ताकि नये कप्तान को खुद को स्थापित करने का समय मिल जाये।' नए टेस्ट कप्तान का ऐलान जल्दी ही किया जाएगा। इस रेस में फिलहाल एलिक एथनाजे, मिकाइल लुईस, केसी कार्टी और जस्टिन ग्रीव्स जैसे खिलाड़ी हैं। इसके अलावा गुडाकेश मोती को भी हाल फिलहाल में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है।

## ताऊ महावीर फोगाट की विनेश को नसीहत

# बोले- सोच समझकर दे बयान, ओलिंपिक तक पहुंचाया मेरा नहीं रखा मान तो सरकार क्या उम्मीद करें



**चरखी दादरी।** हरियाणा के चरखी दादरी में द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं दंगल गर्ल गीता-बबीता के पिता महावीर फोगाट ने जुलाना विधायक एवं ओलंपियन महिला रेसलर अपनी भतीजी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उसने सुख-दुख पाकर विनेश को ओलिंपिक तक पहुंचाया है। उसने अपने ताऊ व गुरू यानि उनका मान सम्मान नहीं रखा तो सरकार उनसे क्या उम्मीद कर सकती है। साथ ही उन्होंने विनेश को नसीहत भी दी है कि वे जो भी बयान दे वो सोच-समझ कर दे।

बता दे कि विनेश के इनामी राशि सरकार के मुंह पर मारने व विधानसभा में ईनामी राशि का मुद्दा उठाए जाने के बाद ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त ने ईनामी राशि को लेकर बयान दिया था। जिस पर चरखी दादरी में प्रतिक्रिया देते हुए महावीर फोगाट ने अपनी भतीजी को कड़ी नसीहत दी है।

विधायक विनेश के ताऊ महावीर फोगाट ने कहा कि उनकी भाषा अहंकारी है। उसने कई बार उसकी बातें सुनी हैं। उसने कई बार बड़े-बड़े बोल बोले है जो एक अच्छे खिलाड़ी को शोभा नहीं देते। वो मीडिया या दूसरी जगह पर जो बयान दे वो सोच-समझकर दे।

### खिलाड़ी को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती

महावीर ने यहां तक कहा कि उनकी बातों में अंहकार झलक रहा था। एक खिलाड़ी को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती। सरकार ने उनको अवॉर्ड राशि दी है वो सराहनीय है। विनेश को सरकार का आभार जताना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जो मान-सम्मान देता है उसका हमें भी मान सम्मान करना चाहिए। महावीर फोगाट ने कहा कि किसी की बातों में आकर अपना भविष्य खराब नहीं करना चाहिए।

# भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी वंदना ने लिया संन्यास




**नई दिल्ली।** भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अपने शानदार 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने कहा कि अपने चरम पर लिया गया यह फैसला उनके लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला दोनों था। 32 वर्षीय अनुभवी स्ट्राइकर ने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 158 गोल किए। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं।

वंदना ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'आज भारी लेकिन आभारी दिल के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास की घोषणा करती हूं। यह एक ऐसा फैसला है जो मेरे लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला है। मैं इसलिए पीछे नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग फीकी पड़ गई है या मेरी हॉकी की ताकत खत्म हो गई है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने चरम पर पहुंचकर खेल से विदा लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।'

वंदना ने लिखा, 'मैं थकान की वजह से हॉकी को अलविदा नहीं कह रही हूं, बल्कि मेरे पास अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का विकल्प था। मेरा सिर गर्व से ऊंचा है और मेरी स्टिक की आग अभी भी धधक रही है। भीड़ का उत्साह बढ़ाना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरी आत्मा में गूंजता रहेगा।'

2009 में सीनियर टीम में डेब्यू के बाद से भारतीय हॉकी का स्तंभ रहीं वंदना ने खेल के लिए महत्वपूर्ण क्षणों को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह टोक्यो खेलों में हैट्रिक बनाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला बनीं। वंदना ने कहा, 'टोक्यो के बारे में सोचकर मेरे रोंगटे अभी भी खड़े हो जाते हैं। ओलंपिक खास होते हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वह मैच मेरे जीवन के सबसे भावनात्मक खेलों में से एक था। मेरे लिए हैट्रिक खास था, लेकिन उससे भी अधिक यह साबित करने के लिए था कि हम उस मंच पर होने चाहिए।'

हालांकि, यह उनकी हॉकी यात्रा का अंत नहीं है क्योंकि वह महिला हॉकी इंडिया लीग में खेलना जारी रखेंगी। वंदना ने कहा, 'मैं हॉकी छोड़ नहीं रही हूं। मैं हॉकी इंडिया लीग और उसके बाद भी खेलती रहूंगी, स्कोर करती रहूंगी और प्रेरित करती रहूंगी। मैदान पर अभी भी मेरे कदमों की छाप रहेगी और इस खेल के प्रति मेरा जुनून कभी कम नहीं होगा। फिलहाल मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले रही हूं, लेकिन मैं हर याद, हर सबक और हर उस प्यार को अपने साथ लेकर चलूंगी जो आपने मुझे दिया है। मेरा परिवार, मेरा ईंधन और मेरी हमेशा की साथी बनने के लिए आपका धन्यवाद।'

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने उन्हें भारत के आक्रमण की धड़कन बताया। टिर्की ने कहा, 'वंदना सिर्फ एक गोल स्कोरर नहीं, वह भारतीय आक्रमण की धड़कन रही हैं। फॉरवर्ड लाइन में उनकी मौजूदगी ने भारत को कई मैचों में बढ़त दिलाई। खासकर उच्च दबाव की स्थितियों में और उनका योगदान वैश्विक मंच पर टीम के उत्थान में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया है।'

भारतीय हॉकी पर उनके प्रभाव ने वंदना को प्रतिष्ठित पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार दिलाए। उन्होंने 2016 और 2023 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2022 में एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप में स्वर्ण पदक हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2018 एशियाई खेलों और 2013 और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रजत जीतने वाली टीमों का भी हिस्सा थीं। इसके अलावा उन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों, 2014 और 2022 एशियाई खेलों और 2021-22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य पदक हासिल किए।

**32 वर्षीय अनुभवी स्ट्राइकर ने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 158 गोल किए। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं।**

# राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप में हिमाचल उपविजेता



**लखनऊ।** लखनऊ में हुई 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप के फाइनल में हिमाचल प्रदेश की टीम यूपी से कड़े मुकाबले में 19-17 से हार गई। उत्तर प्रदेश फाइनल जीत कर पहली बार चैंपियन बनी। पहले हाफ में दोनों ही टीमों ने तेज आक्रमण किए। हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरूआत कर बढ़त बनाई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण मौके भी गंवाए।

उत्तर प्रदेश की गोलकीपर निहारिका ने दमदार खेल दिखाते हुए कई अटैक को विफल कर दिया। यूपी की ओर से नैना ने सबसे अधिक 6 गोल दागे। रेशमा, सुमन, प्रीति और अनन्या ने इसमें बखूबी साथ दिया। 3-3 गोल करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। वहीं, दीया को एक गोल करने में सफलता मिली।

हिमाचल प्रदेश की ओर से जस्सी ने 6, काजल ने 5, कृतिका ने 4 और नितिका और मुस्कान ने 1-1 गोल किए। उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछले सीजन में कांस्य पदक जीता था। समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# मुंबई ने कोलकाता को 8 विकेट से हराया: 4 विकेट लेने वाले अश्वनी बोले- गांववालों का इंतजार खत्म हुआ; रिकेलटन ने फिफ्टी लगाई



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर 18वें सीजन में पहली जीत दर्ज कर ली है। टीम ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइटराइडर्स को 8 विकेट से हराया। पहले बैटिंग करते हुए केकेआर 116 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 13वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

मुंबई से आईपीएल डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने 4 विकेट लिए। दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। बैटिंग में रायन रिकेलटन ने फिफ्टी लगाई, वहीं विल जैक्स ने 30 रन बनाए। कोलकाता से अंगकृष रघुवंशी ने 26 रन बनाए। टीम से दोनों विकेट आंद्रे रसेल को मिले।

टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने उतरी मुंबई ने 7 गेंदों के अंदर 2 विकेट झटक लिए। अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी सेट हो गए। चौथे ओवर में पहली ही गेंद पर अश्वनी कुमार ने रहाणे को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने फिर रिंकू सिंह, मनीष पांडे और आंद्रे रसेल के बड़े विकेट लिए। उनके प्रदर्शन ने ङ्क्षफबैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया।

नई गेंद से बॉलिंग करने आए बोल्ट ने पहले ही ओवर में सुनील नरेन को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 23 रन खर्च किए। दूसरा ओवर फेंकने आए चाहर ने पहली ही गेंद पर डी कॉक को कैच कराया। उन्होंने फिर वेंकटेश अय्यर को भी पवेलियन भेजा। 117 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी एमआई से ओपनर रिकेलटन ने मैच एकतरफा कर दिया। उन्होंने फिफ्टी लगाई और नॉटआउट रहते हुए टीम को जीत दिला दी। कोलकाता से नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे अंगकृष रघुवंशी और नंबर-9 पर उतरे रमनदीप सिंह ने फाइट दिखाई। दोनों टीम के टॉप स्कोरर रहे। रघुवंशी ने 16 गेंद पर 26 रन बनाए। वहीं रमनदीप 12 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट हुए। गेंदबाजों में आंद्रे रसेल ही फाइट दिखा सके, उन्होंने टीम के लिए दोनों विकेट लिए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी केकेआर ने 50 रन के अंदर ही 5 विकेट गंवा दिए। टॉप-5 बैटर्स पवेलियन लौट गए, यहां से टीम उभर ही नहीं सकी। रघुवंशी और रमनदीप ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 17वें ओवर में ही ऑलआउट हो गई।

# शुरूआती तीन में दो मैच गंवाने के बाद कभी चैंपियन नहीं बनी सीएसके





**मुंबई।** आईपीएल 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस सीजन के शुरूआती तीन मैचों ने तो व्यूअरशिप के रिकॉर्ड्स भी तोड़ दिए थे। रविवार को सीजन का दूसरा डबल हेडर खेला गया। दिन के दूसरे मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह चेन्नई की इस सीजन की लगातार दूसरी हार रही।

चेन्नई की टीम इस सीजन अब तक अपने शुरूआती तीन में से दो मैच गंवा चुकी है। यह अब तक 18 सत्र में पांचवीं बार है जब चेन्नई ने अपने शुरूआती तीन में से दो या इससे ज्यादा मैच गंवाए हैं। इससे पहले चार बार जब ऐसा हुआ था तो टीम चैंपियन नहीं बन पाई थी। क्या इस बार चेन्नई इस अनचाहे रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी? यह तो वक्त ही बताएगा।

साल 2009 में चेन्नई ने शुरूआती तीन में से दो मैच गंवाए थे। पहले मैच में उसे मुंबई इंडियंस ने 19 रन से हराया था। फिर दूसरे मैच में सीएसके की टीम आरसीबी को हराने में कामयाब रही थी। इसके बाद तीसरे मैच में दिल्ली डेयरडेविल्स ने चेन्नई को नौ रन से शिकस्त दी थी। इस साल टीम लीग स्टेज में 14 में से आठ मैच जीत पाई थी। पांच में टीम को हार मिली थी और एक मैच बेनतीजा रहा था। टीम 17 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। सेमीफाइनल में हालांकि, सीएसके को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और टूनामेंट से बाहर हो गई थी। डेक्कन चार्जर्स ने इस साल खिताब अपने नाम किया था।

साल 2012 में भी चेन्नई ने शुरूआती तीन में से दो मैच गंवाए थे। पहले मैच में उसे मुंबई इंडियंस ने आठ विकेट से हराया था। दूसरे मैच में टीम डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ 74 रन से जीतने में कामयाब रही थी। तीसरे मैच में चेन्नई को दिल्ली ने आठ विकेट से हराया था। इस साल टीम 16 में से आठ मैच जीतने में कामयाब रही थी। सात में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था और एक मैच बेनतीजा रहा था। 17 अंक लेकर सीएसके की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही थी और प्लेऑफ में पहुंची थी। इसके एलिमिनेटर में सीएसके ने मुंबई को 38 रन से हराया था। फिर क्वालिफायर-दो में चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को 86 रन से शिकस्त दी थी। हालांकि, चेन्नई में खेले गए फाइनल में सीएसके को केकेआर के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

साल 2020 में चेन्नई की टीम को शुरूआती तीन में से दो मैचों में हार मिली थी। चेन्नई ने अपने पहले मैच में मुंबई को पांच विकेट से हराया था। इसके बाद राजस्थान के हाथों सीएसके को 16 रन से हार मिली थी। फिर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई को 44 रन से हराया था। इस साल चेन्नई की टीम 14 में से सिर्फ छह मैच जीत पाई थी और आठ में उसे हार का सामना करना पड़ा था। 12 अंक लेकर सीएसके की टीम अंक तालिका में आठ में से सातवें स्थान पर रही थी और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इस साल मुंबई ने खिताब अपने नाम किया था।

साल 2022 में चेन्नई ने अपने शुरूआती तीनों मैच गंवाए थे। पहले मैच में उसे कोलकाता नाइट राइडर्स ने छह विकेट से हराया था। इसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स ने छह विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं, तीसरे मैच में पंजाब किंग्स ने सीएसके को 54 रन से हराया था। इस सत्र में सीएसके की टीम 14 में से सिर्फ चार मैच जीतने में कामयाब हो पाई थी। उसे 10 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। आठ अंक लेकर सीएसके की टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही थी। इस साल गुजरात टाइटंस की टीम चैंपियन बनी थी। अब साल 2025 में चेन्नई को खराब शुरूआत मिली है। टीम ने अपने पहले मैच में मुंबई को चार विकेट से हराया, लेकिन इसके बाद आरसीबी और आरआर के खिलाफ हार गई। अब उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए बाकी बचे 11 मैचों में से कम से कम सात-आठ मैच जीतने होंगे (अगर 16 को क्वालिफाइंग अंक मानें तो)। एक यह भी संयोग है कि साल 2012 को छोड़ दें तो बाकी तीन सत्रों के अगले सत्र में चेन्नई की टीम ने जबरदस्त वापसी की थी। साल 2010, 2021 और 2023 में सीएसके की टीम चैंपियन बनी थी। चेन्नई की टीम पांच बार की चैंपियन है। ऐसा माना जा रहा है कि यह 43 साल के धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है। ऐसे में सीएसके के बाकी खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर उन्हें खिताब के साथ विदा करने की कोशिश करेंगे।

# पेंट व कैमिकल गोदाम सहित टिम्बर गोदाम में लगी भीषण आग

## दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर नमो भारत रैपिड ट्रेन स्टेशन के पास स्थित स्वास्थ्य बिहार कॉलोनी में मंगलवार की सुबह पेंट व कैमिकल गोदाम में लगी आग की चपेट में आने से एक टिम्बर गोदाम में भी भीषण आग लग गई। सूचना पर दमकल की 5 गाड़िया व दमकल कर्मियों के पंहुचने पर करीब दो घंटे से भी अधिक की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पेंट गोदाम में लगी आग की चपेट में निकट ही एक टिम्बर गोदाम में भी आग चपेट में आ गया। जिस पर दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। निकट ही रैपिड़ स्टेशन पर बने वाटर टैंक की मदद से दोनों स्थानों पर पानी की बौदारे की गई। इस दौरान आसपास के मकानों को खाली कराया गया और निकट ही तीन नीजी कैंक भी आग की चपेट में आने से बच गयें।

प्रथम दृष्टया आग पर समय रहते काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पेंट गोदाम स्वामी सर्वेश मित्तल का कहना है कि शार्टसर्किट के चलते हादसा हुआ है, पुलिस जांच कर रही है।

### तीन निजी बैंकों तक पहुंची आग की लपटें

करंट क्राइम। समय रहते अगर आग पर काबू नही पाया जाता तो पेंट गोदाम के निकट ही तीन निजी बैंक की शाखायें है। बैंक की बिल्ड़िग तक आग की लपटें पंहुचने में किसी तरह की कोई कसर बाकी नही रही थी, अगर समय रहते दमकल विभाग के कर्मी व सुरक्षा उपकरण नही पहुंचते तो शायद बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था।





# तीन घंटे के विशेष अभियान में खुले में शराब पीने वाले 515 लोगों को पकड़ा




**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 515 लोग पकड़े गए। सभी को थाने लाकर मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 231 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 62, विजयनगर से 52, सिहानी गेट से 23, नंदग्राम से 39, कवि नगर से 31 और मधुबन बापूधाम से 24 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 134 लोगों पर कार्रवाई हुई।

इनमें लोनी से 19, ट्रॉनिका सिटी से 8, अंकुर विहार और लोनी बॉर्डर से 11-11, मसूरी से 14, मुरादनगर से 21, मोदीनगर से 4, निवाड़ी से 3, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 10 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 22 लोग शामिल हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 150 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 26 कौशांबी से 21 खोड़ा से 16 साहिबाबाद से 22 लिंक रोड से 20 शालीमार गार्डन से 21 और टीला मोड़ से 24 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




### डिप्टी मेयर वाले सीन में क्या बजेगा इस बार बगावत का बिगुल

वैसे तो भगवा कमांडर जाते-जाते बहुत कुछ आते-आते चेहरों को देना चाहते थे। माना भी यही जा रहा था कि नामित वाली लिस्ट वो भेज चुके हैं और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाला चुनाव भी उन्हीं के पद पर रहते हो जायेगा। लेकिन भाजपा में जैसा सोचा जाता है वैसा होता नहीं है और जो होता है वो सोचा नहीं जाता। लिहाजा महानगर अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो गई और इधर लखनऊ वाली बिसात पर चाल बिगड़ गई। किसके इफैक्ट कहां आयेंगे ये तो बाद में पता चलेगा लेकिन बताने वाले बता रहे हैं कि परिवर्तन का पहला रूझान निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी बोलचाल की भाषा में प्रचलित डिप्टी मेयर पद से आयेगा। देखते रहिये यहां कौन सा चेहरा संगठन से प्रस्तावित होकर आयेगा और कौन सा चेहरा निगम की मुखिया की कलम से निकलेगा। बताने वाले बता रहे हैं कि इंटरनली अब मैम्बर भी एंगर वाले अंदाज में है और वो नहीं चाहते कि उनको आश्वासन के हैंगर में टांगा जाये। लिहाजा सीन ये चल रहा है कि पार्षद तो हम अब भी हैं और तब भी रहेंगे। ना तो इनके कहने से हम हट रहे और ना उनके कहने से हम हट रहे। इसलिए अपने हक के लिए इस बार हम पूरी तरह से डट रहे हैं।

### विपक्ष की खामोशी से क्यों नाराज हैं ये लोकल फ्लोवर वाले

विपक्ष का काम मुद्दे उठाना होता है और भगवागढ़ में विपक्ष खुद ही नहीं उठ रहा तो मुद्दे क्या उठायेगा। यहां पैंठ बाजार का मामला हो तो फूल वाले आगे आते हैं। यहां अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलना हो तो फूल वाले फ्रंट पर मिलेंगे। सरकार के विधायक ने तो सरकार को ही रडार पर ले लिया। कसाना ने जुबान खोली तो स्पष्टीकरण के नोटिस का फसाना हो गया। जिले वाले चैन भी इस बात को लेकर बेचैन हुए कि तुमने मेरी अनुमति के बिना फोटो भी कैसे लगाया। सोशल मीडिया पर पुराने भाजपाई शौकत कुरेशी ने भी लिखा कि ये विपक्ष का काम भी हमें ही करना पड़ रहा है। जनता के व्यक्ति ने ही कहा कि ये अजीब पोलीटिक्स है कि खामोश विपक्ष को लेकर विपक्ष के नेताओं में रोष नहीं है। लेकिन खामोश विपक्ष को लेकर सरकार वाले पूरे नाराज हैं। ये पहली बार है जब सरकार वाले चाहते हैं कि कुछ तो तकरार हो।

### दिल्ली और लखनऊ की सेटिंग से मिलना है गाजियाबाद में स्थान

कप्तान आ चुके हैं और टीम फ्लावर-11 घोषित होनी है। बड़ी दिक्कत ये है कि इस बार तो मैन टीम की बात छोड़ो और मोर्चों में आने के लिए कोई अलाने जी भाईसाहब के यहां पड़ा है तो किसी ने फलाने जी मंत्री की शरण ले रखी है। फूल वालों के चतुर सुजान देवतुल्य ने कहा कि हमने तो इस गणित को अच्छी तरह समझ लिया है कि अशोक नगर जाने के बजाय दिल्ली के अशोका रोड जाओ। कविनगर के चक्कर लगाने के बजाय लखनऊ में कालीदार मार्ग पर कोई जुगाड़ तलाशो। उन्होंने बता दिया कि अब कहानी दूसरी है और टीम में आने के लिए यहां वालों के प्रणाम से ज्यादा जरूरी ये है कि लखनऊ और दिल्ली से कोई फरमान तुम्हारी हिमायत में आ जाये।

# आठ मंजिला बिल्डिंग में लगी भीषण आग, खिड़की तोड़कर कूदे लोग



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-18 (अट्टा मार्केट) में मंगलवार दोपहर को कृष्णा प्लाजा के फर्स्ट फ्लोर पर भीषण आग लग गई। यहां काम करने वाले लोग जान बचाने के लिए ऊपर की तरफ भागे। 5 लोगों ने खिड़की का कांच तोड़कर 12 फीट से नीचे छलांग लगा दी। एक युवक के पैर में कांच और दूसरे की छाती में चोट लग गई। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बिल्डिंग में धुआं न भरे, इसलिए फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बिल्डिंग के शीशे तोड़ दिए। पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बिल्डिंग में फंसे करीब 100 लोगों को बाहर निकाला। आग से एक युवती समेत 7 लोग झुलस गए। 3 लोगों की हालत गंभीर हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# रिहायशी क्षेत्र में शराब का ठेका खोले जाने के विरोध में उतरे वसुंधरा सेक्टर-3 के निवासी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 3 केएसएन स्क्वायर वेलफेयर एसोसिएशन एवं सोसाइटी के लोगों ने शॉप नंबर-7 में शराब की दुकान खोलने का घोर विरोध करते हैं। प्रस्तावित शराब के ठेके का विरोध में प्रदर्शन कर रणनीति बनायी। यहां आपको बता दें कि क्षेत्रवासियों को अभी कुछ दिन पहले ही पता चला है कि वसुंधरा के सेक्टर 3 सी मे एक शराब के ठेका खुलने का प्रस्ताव है, जिसका पता चलते ही ठेके खुलने का विरोध शुरू हो गया है।

ठेका खुलने का वसुंधरा वासी खुलकर के विरोध कर रहे हैं, क्षेत्रवासियों ने विरोध की रणनीति बना कर मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया और जिला अधिकारी को इस मामले की शिकायत की।

### क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी ने किया विरोध

क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि केएसएन स्क्वायर सोसायटी के पास जो शराब का ठेका खोला जा रहा है, उसका पूरा विरोध करते हैं। हम जनता के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सोसाइटी व मंदिर के पास में ठेका शराब नहीं खोलना चाहिए, जिसका वह पूरा विरोध करते हैं।

इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि अनुराग मिश्रा, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. राजीव कासना, महासचिव संजीव जांगड़ा, सचिव सुनील जैन, संयुक्त सचिव चसक झा, सुयश जोशी, नरेश अमोली, प्रतिभा सिंह, आदेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दिया आश्वासन

करंट क्राइम। स्थानीय निवासी संजीव ने बताया कि ठेके के विरोध में मंगलवार को जिलाधिकारी व थाने पर भी प्रदर्शन किया गया। जिलाधिकारी ने आशवासन दिया है कि इसको जल्द ही रिहायशी क्षेत्र से हटा दिया जाएगा। लोगों ने कहा कि रिहाइशी इलाके में शराब का ठेका नहीं खुलेगा। क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी लोगों ने पार्षद के सामने रखा और बैठक में दोनों तरफ से विचारों का आदान प्रदान हुआ। डॉ राजीव कसान का कहना कि हमारी सोसाइटी एक व्यावसायिक-कम-आवासीय परिसर है। जिसमें 150 परिवार रहते हैं, जिनमें छोटे बच्चे, वृद्धजन और कामकाजी लोग शामिल हैं। इस स्थान पर शराब की दुकान खुलने से कानूनी और सामाजिक दोनों तरह की गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होंगी, जिन्हें तत्काल ध्यान में लिया जाना आवश्यक है। रिहायशी इलाकों, स्कूलों और अस्पतालों के पास किसी भी तरह की सार्वजनिक असुविधा और सुरक्षा जोखिम पैदा करने वाली व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक होनी चाहिए। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में शराब की दुकान खोलना इन निदेर्शों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह दुकान सोसाइटी के प्रवेश द्वार से बिल्कुल सटी हुई है, जिससे निवासियों की शांति और सुरक्षा को सीधा खतरा होगा। इससे अराजकता, शोर-शराबा और अवांछित गतिविधियों में वृद्धि होगी, जो यहाँ रहने वाले परिवारों के दैनिक जीवन को प्रभावित करेगा।

# एमबीए छात्र ने बिल्डिंग से कूदकर दी जान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एमबीए छात्र ने फ्लैट की बालकनी से कूदकर जान दे दी। परिजन उसे उठाकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी ली। उसके बाद छानबीन में जुट गई। पुलिस को फोन से मिली थी सूचना एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया मंगलवार दोपहर में पीआरबी को जुपिटर सोसाइटी के फ्लैट नंबर 901 से एक युवक के कूदने की सूचना मिली। थोड़ी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक परिजन उसे फोर्टिस अस्पताल ले जा चुके थे। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि बिल्डिंग से कूदने वाला शख्स हर्षित त्यागी (25) है। उसकी मौत हो चुकी है। शोर सुनकर घरवालों को हुई मौत की जानकारी एसीपी के अनुसार- फ्लैट नंबर 901 में अतुल त्यागी अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह योगा टीचर हैं। उनकी पत्नी नोएडा में टीचर हैं। बेटा हर्षित एमबीए की पढ़ाई करता था। परिजन ने पूछताछ में बताया, रोज की तरह मंगलवार को हर्षित की दैनिक दिनचर्या थी। खाना खाने के बाद वह कमरे में चला गया। अंदर से कमरा लॉक कर लिया। हमें लगा कि वह शायद अंदर सोने चला गया है। थोड़ी देर बाद बिल्डिंग के बाहर से शोर सुनाई दिया। आवाज सुनकर नीचे देखा तो एक युवक की लाश पड़ी थी। वहां पर भीड़ जमा थी। जाकर देखा तो वहां पर हर्षित की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। उसे लेकर फौरन अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस बोलीं ड्रग का नशा करता था एसीपी ने बताया परिजन से पूछताछ करने पर पता चला कि हर्षित ड्रग लेने का आदी था। वह कई दिनों से परेशान चल रहा था। आशंका है कि नशे की लत के कारण ही उसने सुसाइड किया है।

# भाजपा सभासद के शिकायती पत्र रिसीव करने को लेकर दबंग ने की अभद्रता




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** अवैध टैक्स वसूली को लेकर विरोध जताने पहुंचे भाजपा सभासद के साथ एक संविदा कर्मी ने बदसूलकी कर दी, जिससे क्षुब्ध सभासदों ने उसके विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर तहसील पर प्रदर्शन किया और पंचायत के अधिशासी अधिकारी से उसके विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। सभासद व संविदा कर्मी के बीच हुई अभद्रता का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।

नगर पंचायत फरीदनगर वार्ड न0-8 के भाजपा सभासद दिनेश सैनी 29 मार्च को पंचायत के कार्यालय में एक शिकायती पत्र लेकर पहुंचे, जिसमें उन्होने पंचायत क्षेत्र में अवैध टैक्स वसूली को लेकर आपत्ति जताते हुये पत्र को रिसीव कराने के लिये वहां मौजूद संविदा कर्मी संजय से कहा, इस बात को लेकर संजय ने सभासद को भद्दी-भद्दी गालियाँ देनी शुरू कर दी और अभद्रता कर डाली। मौके पर कई सभासदगण मौजूद रहे। उसके इस रैवये को लेकर सभासदगणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा ओर ईओ नरेंद्र मोहन मिश्र से भी शिकायत की, साथ ही आरोपी को बाहरी व्यक्ति बताते हुये उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। चेताया कि यदि कोई कार्यवाही नही की गयी तो सभासद आंदोलन को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालो में नरेंद्र शर्मा, राहुल सैनी, गुलशन आदि रहे।




## कमिश्नरेट से गए नौ और टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बड़ी संख्या में टू-स्टार मौजूद हैं पर लगातार जा रहे 2015 बैच की वजह से हर माह नए समीकरण और संकेत मिलते रहते हैं। वहीं सुनने में आया है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लगातार आने और जाने का सिलसिला बना रहता है। तो बताया जा रहा है कि 31 मार्च को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से जो टू-स्टार चले गए हैं यह टू-स्टार 2015 बैच के थे। कहा जा रहा है कि अब 2015 बैच के कुछ ही लोग पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शेष बचे हैं। बताया जा रहा है कि जो टू-स्टार गए हैं उनके पुलिस कमिश्नरेट से जाने से कई चौकी प्रभारियों और सिटी वाले साहब के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर भी पास वाले कमिश्नरेट के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ और 2015 बैच वाले टू-स्टार यहां से रवाना किया जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि जिन नौ टू-स्टार की डेट फिक्स की गई थी, वह सभी चले गए हैं। जिसमें कई चौकी प्रभारी व खास टू-स्टार भी बताए जा रहे हैं। वहीं अब देखना होगा आने वाले कुछ ही दिनों में कई और फेस राइट प्लेस पर सेट किए जाएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों जहां कई बड़े आयोजन और त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराए गए तो वहीं आने वाले दिनों भी ऐसे ही आयोजन होने हैं। वहीं बताया जा रहा है कि सिटी वाले साहब के साथ चलने के लिए राइट फेस की तलाश भी शुरू हो गई है। देखना होगा किसका नंबर आता है और कौन वहां जगह बना पाता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 2015 बैच वालों के रवाना होने वाले फेस आने वाले दिनों में भी जारी बना रहेगा, ऐसी जानकारी मिल रही है। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी थानों पर भी 2015 बैच वाले जमे हुए हैं, देखना होगा कि उनकी रवानगी का आदेश कब आता है या उनपर अभी कृपा वाला सीन बना रहेगा। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नवरात्रि के बाद फिर कुछ छोटी तबादला एक्सप्रेस रवाना की जाएगी। जिसमें टू-स्टार के फेस और चौकी की रेस वाले टू-स्टारों के नाम शामिल होंगे। देखना यह भी होगा कि आने वाले दिनों में किस जोन में सबसे ज्यादा टू-स्टारों के बदलाव देखने को मिलते हैं।



# बदमाशों ने तमंचे की नोक पर महिला से कान के कुंडल लूटे

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के भोजपुर स्थित गांव नंगलाबेर में बदमाशों ने एक महिला के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। आंगन में सो रही महिला जगरोशनी के कानों से तमंचे के बल पर कुंडल छीन लिए। विरोध करने पर बदमाश ने जबरन कुंडल खींच लिए, जिससे महिला के दोनों कान फट गए।



जगरोशनी ने बताया कि वह आंगन में सो रही थीं। उनकी मां शकुंतला और बेटा धर्मेंद्र कमरे में सो रहे थे। एक बदमाश ने कुंडी खोलकर घर में प्रवेश किया। उसने पूरा घर खंगाल दिया। बदमाश ने जब कुंडल खींचने की कोशिश की तो जगरोशनी की नींद खुल गई। विरोध करने पर बदमाश ने उनकी गर्दन पर तमंचा तान दिया। वारदात के दौरान बदमाश के दो साथी बाहर निगरानी कर रहे थे। बदमाश कुंडल के अलावा घर के मंदिर में रखी साढ़े पांच हजार रुपये की नकदी और कानों के टॉप्स भी ले गए। जगरोशनी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके कानों में दस टांके लगे। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, जगरोशनी ने सोमवार को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बदमाशों की पहचान की जा रही है।

# खोड़ा में भाजपा नेता कालू यादव ने किया माता की चौकी का आयोजन

## भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में मां भगवती के जागरण में ज्योति प्रचंड कर जागरण का शुभारंभ करते हुए भाजपा नेता कालू भाई व मुख्य रूप में मृणालिनी सिंह ने किया। माता की चौकी लगाई, जिसे भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रविवार की रात में कार्यक्रम हुआ, जहां पर भजन मंडली से जुड़े सभी कलाकार एकत्र हुए। इसके बाद सभी ने एकजुट होने का आए पदाधिकारियों ने विधिवत पूजन कर किया। कलाकारों को पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कालू यादव ने सभी कलाकारों का आभार जताया। निवास स्थान पर माँ भगवती के जागरण में ज्योति प्रचंड कर जागरण का शुभारंभ करते हुए कालू भाई एवं मुख्य अतिथि के रूप में बड़ी बहन मृणालिनी दीदी उपस्थित रहीं एवं भारी संख्या में सभी भक्तगणों ने माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त कर जागरण का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर माता का विशेष दरबार सजाया गया। रंग-बिरंगी झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। माता की चौकी का उत्साह व उल्लास के साथ आनन्द लिया। माँ की ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर डांस किया। मां को छतर और चुनरी चढ़ाई गई।




# म्यांमार भूकंप में मरने वालों का लगातार बढ़ रहा आंकड़ा, अब तक 2700 लोगों की हो चुकी मौत

**नेपीडॉ ।** म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। इसके चलते अब तक यहां 2700 लोगों की मौत हो चुकी है।

म्यांमार में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे थे। इसके बाद 6.4 तीव्रता के भी झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। भूकंप के चलते बुनियादी ढांचे, सड़कें और रिहायशी इमारतों को भारी नुकसान





हुआ। भूकंप के झटके न सिर्फ म्यांमार बल्कि पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए। थाईलैंड का चियांग मेई शहर में भी इस भूकंप के चलते काफी नुकसान हुआ। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीडॉ में बताया कि अब तक 2,719 लोग मृत पाए गए हैं। 4,521 अन्य घायल हुए हैं और 441 लापता हैं। भूकंप से प्रभावित कई क्षेत्रों में अभी भी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं। इसलिए संख्या बढ़ने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है। राहत-बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी अपनों को खोजने के लिए खुद भी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं।

### भूकंप से म्यांमार को हुआ भारी नुकसान, इसरो की सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ खुलासा



इसरो के उपग्रह काटोर्सेट-3 ने 18 मार्च को भी इन इलाकों की तस्वीरें लीं थी और 29 मार्च को ली गईं तस्वीरों में भूकंप की भयावहता देखी जा सकती है। काटोर्सेट-3 तीसरी पीढ़ी का आधुनिक उपग्रह है, जो जमीन पर हाई रेजोल्यूशन वाली तस्वीरें लेने में सक्षम है। इसरो ने एक बयान में कहा है कि 'मेंडले और सेगेंग शहर में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मेंडले में प्रमुख स्थल जैसे स्काइ विला, फेयानी पेगोडा, महामुनि पेगोडा और आनंद पेगोडा, मेंडले यूनिवर्सिटी और कई अन्य स्थानों को थोड़े से ज्यादा नुकसान हुआ है। सेगेंग शहर में मा शी खाना पेगोडा समेत कई अन्य मोनेस्ट्रीज और अन्य इमारतों को भी भारी नुकसान हुआ है। 8 मार्च को म्यांमार में आया था भूकंप इसरो की तस्वीरों से पता चला है कि भूकंप से म्यांमार के इन वा शहर में इरावेडी नदी पर बना ऐतिहासिक एवा पुल पूरी तरह से तबाह हो गया है। इरावेडी नदी के बाढ़ के मैदानों में भूकंप से जमीन में दरार भी आई है। म्यांमार में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे थे। इसके बाद 6.4 तीव्रता के भी झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था।

## अमेरिका के लिबरेशन डे पर सभी की नजर, राष्ट्रपति ट्रंप का दावा- भारत अपने टैरिफ में बड़ी कटौती करेगा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में कल लिबरेशन डे मनाया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक नई टैरिफ योजना का अनावरण करेंगे, जिस पर सभी की नजर है। इस बीच, ट्रंप ने दावा किया कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर अपने टैरिफ में बड़ी कटौती करने जा रहा है। उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ समय पहले ही सुना है कि भारत अपने टैरिफ में काफी कमी करने जा रहा है। किसी ने ऐसा बहुत पहले क्यों नहीं किया।

ट्रंप के नए टैरिफ 2 अप्रैल यानी बुधवार से लागू होंगे। इससे पहले ट्रंप ने रोज गार्डन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उन्होंने नई टैरिफ योजना को लिबरेशन डे नाम दिया। इस दौरान जब



उनसे पूछा गया कि क्या उनके टैरिफ अन्य देशों को चीन की ओर जाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया मुझे इस बारे में चिंता नहीं है। मुझे लगता है कि टैरिफ वास्तव में देशों बेहतर करने में मदद करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कैसे होगा। ट्रंप ने कहा, 'बहुत से देश अपने टैरिफ कम कर देंगे, क्योंकि वह अमेरिका पर अनुचित तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं।'

### ट्रंप ने यूरोपीय संघ का दिया उदाहरण

इस दौरान ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि ईयू ने अमेरिका में बनी कारों पर टैरिफ घटाकर 2.5 फीसदी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसकी घोषणा कुछ दिन पहले ही की गई थी, जो कि अमेरिका द्वारा लगाया गया बहुत ही छोटा टैरिफ है।

**प्रेस सचिव लैविट ने लिबरेशन डे मनाए जाने की पुष्टि की :** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लैविट ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को पुष्टि की कि 2 अप्रैल को अमेरिका में लिबरेशन डे मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में पूरा मंत्रिमंडल मौजूद रहेगा।

## वेस्ट बैंक के किशोर की हिरासत में मौत, इस्राइल की जेल में जान गंवाने वाला 63वां फलस्तीनी कैदी

**तेल अवीव ।** इस्राइल की जेल में बंद वेस्ट बैंक के एक 17 वर्षीय किशोर की सदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। यह किशोर बीते छह महीने से बिना किसी आरोप के जेल में बंद था। हिरासत में रहने के दौरान ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। यह इस्राइल की कैद में मरने वाला पहला किशोर फलस्तीनी नागरिक है। वहीं इस्राइल की हिरासत में मरने वाला यह 63वां फलस्तीनी कैदी बन गया है।



मृतक किशोर की पहचान वालिद अहमद के रूप में हुई है, जो हाईस्कूल का छात्र था। वालिद अहमद के परिजनों का आरोप है कि उसे बीते साल सितंबर में कथित तौर पर इस्राइली सैनिकों पर पथराव के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि इस्राइल की जेलों में 7 अक्तूबर 2023 के हमले के बाद से हजारों फलस्तीनी कैद हैं और वहां उनका उत्पीड़न किया जाता है। हालांकि इस्राइली सरकार इन आरोपों को सिरे से खारिज कर चुकी है। वहीं वालिद अहमद के मामले में इस्राइल की सरकार ने उसकी मौत की वजह का अभी तक खुलासा नहीं किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फलस्तीनी कैदी की मौत इस्राइल की मेगिड्डो जेल में हुई है। इस जेल में पूर्व में भी फलस्तीनी कैदियों के उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। इस्राइल की सरकार ने कहा है कि वे हिरासत में मरने वाले सभी कैदियों की मौत की जांच कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वालिद जेल में बेहोश होकर गिरा और इससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। चोट को ही उसकी मौत की वजह माना जा रहा है। वालिद के परिजनों का आरोप है कि जेल में मिलने वाले खराब खाने से उसे डायरिया की शिकायत हुई। माना जा रहा है कि इस बीमारी से आई कमजोरी से ही उसकी जान गई।

इस्राइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद यह इस्राइली कैद में फलस्तीनी कैदी की मौत की 63वीं घटना है। फलस्तीनी संगठनों का दावा है कि इस्राइल की कैद में मध्य पूर्व युद्ध शुरू होने के बाद 300 फलस्तीनी कैदियों की मौत हुई है। फलस्तीन का ये भी कहना है कि इस्राइल के पास 72 फलस्तीनी कैदियों के शव है, इनमें से 61 ने गाजा युद्ध शुरू होने के बाद जान गंवाई हैं।

## भारत कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है अब जैसे को तैसे का समय, व्हाइट हाउस का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने कहा है कि भारत अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, साथ ही अन्य देश भी भारी शुल्क लेते हैं, जिसके चलते अमेरिकी उत्पादों का उन देशों के बाजार में टिकना बेहद मुश्किल है। व्हाइट हाउस ने भी अब जैसे को तैसा देने का एलान किया है। व्हाइट हाउस ने यह बयान ऐसे समय दिया है, जब 2 अप्रैल की तारीख नजदीक है और राष्ट्रपति ट्रंप ने 2 अप्रैल से ही पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया था।

### व्हाइट हाउस ने जारी किया बयान

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को कहा



कि दुर्भाग्य से कुछ देश लंबे समय से हमारे देश का फायदा उठाते आ रहे हैं। अगर आप गलत व्यापार तरीकों को देखें तो यूरोपीय यूनियन अमेरिका के डेयरी उत्पादों पर 50 प्रतिशत, जापान अमेरिकी चावल पर 700 प्रतिशत, भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत और कनाडा, अमेरिकी मक्खन और पनीर पर 300 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने मीडिया को दिखाया चार्ट लेविट ने कहा कि बहुत ज्यादा टैरिफ की वजह से अमेरिकी उत्पादों का इन देशों के बाजार में आयात लगभग असंभव हो गया है और इससे बीते कई दशकों में अमेरिकी लोगों के व्यापार पर काफी असर पड़ा है। मीडिया से बातचीत में कैरोलिन लेविट ने एक चार्ट दिखाया, जिसमें भारत, जापान और अन्य देशों के नाम थे।

चार्ट में तीन रंगों के सर्किल में भारत का नाम भी था। इसी तरह अन्य देशों के नाम भी उनके द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ के साथ अंकित थे। लेविट ने चार्ट दिखाते हुए कहा कि 'अब जैसे को तैसे का समय है। अब राष्ट्रपति के एतिहासिक बदलाव का समय है

## बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे सरकार की जासूसी की गई



**ब्राजील ।** ब्राजील की सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर माना कि पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे की सरकार की जासूसी की गई। बयान में ये भी कहा गया कि मौजूदा राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा के सत्ता संभालने के कुछ समय बाद ही इसे रोक दिया गया था। दरअसल एक न्यूज वेबसाइट ने कथित तौर पर दावा किया कि ब्राजील की लूला दा सिल्वा सरकार पेराग्वे की जासूसी करा रही है। इसके बाद ही ब्राजील की सरकार ने बयान जारी कर सफाई दी है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर दी सफाई ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि 'राष्ट्रपति लूला का प्रशासन पेराग्वे की जासूसी के आरोपों से साफ इनकार करता है। पेराग्वे, ब्राजील के साथ मरकोसर व्यापार समूह का हिस्सा हैं ।

## इस्राइल का बेरूत पर हवाई हमला, तीन की मौत, सेना ने कहा- हिजबुल्ला अधिकारी को बनाया निशाना

**बेरूत ।** इस्राइली सेना ने मंगलवार सुबह बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत पर हवाई हमला किया। हमले में इमारत की ऊपरी तीन मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा, तीन लोगों की मौत भी हुई है। हालांकि, सेना ने दावा किया कि उसने आतंकवादी समूह हिजबुल्ला के एक अधिकारी को निशाना बनाया। इससे पहले, इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर बीते शुक्रवार को हमला किया था, जो नवंबर में इस्राइली सेना और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष विराम होने के बाद पहली बार हुआ।



पिछले हमले के दौरान इस्राइली सेना ने पहले चेतावनी दी थी कि भीड़भाड़ वाले इलाके को वहां रह रहे लोग खाली कर दें, जिसके बाद सेना ने दक्षिणी लेबनान से दो प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए। हालांकि, हिजबुल्ला ने इसे फायर करने से इनकार कर दिया। ताजा हमले के दौरान इस्राइली सेना ने कोई चेतावनी नहीं दी। इस्राइली सेना द्वारा जारी बयान के अनुसार, ताजा हमला हिजबुल्ला के एक सदस्य को निशाना बनाने के लिए किया गया। वह इस्राइल के खिलाफ हमलों में गाजा पट्टी में फलस्तीनी हमास समूह की मदद कर रहा था। सेना ने कहा कि हमला इस्राइल की घरेलू खुफिया एजेंसी 'शिन बेट' के निर्देश के बाद किया गया है। हालांकि, हिजबुल्ला ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## जिनपिंग ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ कहा- ड्रैगन-हाथी टैंगो के रूप में मजबूत हों रिश्ते

**बीजिंग ।** चीन ने एक बार फिर भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। यह हमारे प्रतीकात्मक जानवरों के बीच नृत्य है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चीन-भारत के राजनयिक संबंधों की शुरूआत की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश में चीनी राष्ट्रपति ने यह बात कही। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने भी चीनी राष्ट्रपति को बधाई दी।

शी जिनपिंग ने कहा कि पड़ोसियों को शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के तरीके ढूंढने चाहिए। वह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मामलों में संचार और समन्वय को बढ़ाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति शी ने मुर्मू को भेजे अपने संदेश में कहा कि चीन और भारत दोनों प्राचीन सभ्यताएं, प्रमुख विकासशील देश और वैश्विक दक्षिण के महत्वपूर्ण सदस्य अपने-अपने आधुनिकीकरण प्रयासों के



महत्वपूर्ण चरण में हैं। चीन-भारत संबंधों का विकास दशार्ता है कि चीन और भारत के लिए पारस्परिक उपलब्धि के भागीदार बनना और 'ड्रैगन हाथी टैंगो' को साकार करना सही विकल्प है, जो दोनों देशों और उनके लोगों के मौलिक हितों की पूरी तरह से रक्षा करता है। के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्थिर, पूवार्नुमानित और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध से दोनों देशों और विश्व को लाभ होगा। इसके अलावा चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया।

इससे पहले चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों का

**चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और भारत को और अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए। दोनों देशों रिश्ते को ड्रैगन-हाथी टैंगो का रूप लेना चाहिए।**

ऐतिहासिक क्रम दशार्ता है कि एक-दूसरे की सफलता में योगदान देने वाले साझेदार बनना तथा 'ड्रैगन और हाथी' का नृत्य दोनों पक्षों के लिए सही विकल्प है। गुओ ने कहा कि दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन में चीन द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में देखने और संभालने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। दोनों देशों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मामलों में संचार और समन्वय को मजबूत करना चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति बनाए रखना चाहिए और चीन-भारत संबंधों को सुदृढ़ और स्थिर विकास के पथ पर आगे बढ़ाना चाहिए।

भारत और चीन ने पिछले साल बातचीत के बाद एक समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख के अंतिम दो टकराव बिंदुओं, देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की। जिससे पिछले चार साल से अधिक समय से दोनों देशों के बीच चल रहा तनाव बहुत हद तक कम हो गया। समझौते को अंतिम रूप देने के बाद मोदी और शी ने 23 अक्तूबर को कजान में वार्ता की।

## डोभाल को समन देने की बात का प्रमाण नहीं, अमेरिकी अदालत ने खारिज किया खालिस्तानी आतंकी पन्नू का दावा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की एक अदालत ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को एक बड़ा झटका दिया है। इसके तहत अदालत ने पन्नू के उस दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि फरवरी में वाशिंगटन यात्रा के दौरान भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को समन और अदालती दस्तावेज दिए गए थे। अदालत ने कहा कि यह दस्तावेज डोभाल तक नहीं पहुंचे थे और न ही उन्हें कोई शिकायत दी गई थी।

### अमेरिकी जिला न्यायाधीश की टिप्पणी

मामले में सुनवाई के दौरान अमेरिकी जिला न्यायाधीश कैथरीन पोल्क फेला ने अपने आदेश में कहा कि अदालत ने सभी दस्तावेजों की समीक्षा की और पाया कि अदालत के आदेश के अनुसार डोभाल तक दस्तावेज नहीं पहुंचे थे। इसके अलावा, डोभाल के ठहरने की जगह पर सुरक्षा बहुत कड़ी थी और वहां किसी भी कर्मचारी को दस्तावेज देने



की अनुमति नहीं थी। डोभाल को दस्तावेज देने का दावा पन्नू ने अपने दावे में कहा था कि जब डोभाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन गए थे, तब पन्नू ने दो प्रोसेस सर्वर और एक जांचकर्ता को डोभाल को दस्तावेज देने के लिए भेजा था।

साथ ही उन्होंने कहा था कि पहले प्रयास में 12 फरवरी को ब्लेयर हाउस में सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने दस्तावेज लेने से इनकार कर दिया। अगले दिन, 13 फरवरी को भी डोभाल को दस्तावेज देने का प्रयास किया गया, लेकिन फिर से सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने इसे रोक दिया और दस्तावेज लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद पन्नू ने कहा कि उन्होंने दस्तावेजों को एक कॉफी शॉप में छोड़ दिया, लेकिन अदालत ने इस प्रक्रिया को मान्यता नहीं दी। पन्नू ने डोभाल और निखिल गुप्ता के खिलाफ दायर किया था मुकदमा गौरतलब है कि पन्नू ने मामले में डोभाल और निखिल गुप्ता के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा दायर किया।

# 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल रैली का हुआ आयोजन

## रैली को महापौर एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल रैली का आयोजन मोहन नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय करहेड़ा में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल, विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव शर्मा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### शिक्षा बच्चों का बुनियादी अधिकार है : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** विशिष्ट अतिथि विधायक गाजियाबाद संजीव शर्मा ने नई कक्षा में प्रवेश तथा शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने पर बच्चों को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि यह हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है कि सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। यदि एक भी बच्चा इस अधिकार से वंचित रहता है तो हमारा संकल्प अधूरा रह जाएगा। इसलिए स्कूल चलो अभियान और प्रचार प्रसार हमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करना होगा।

### सुंदर समाज की संरचना का आधार है बेसिक शिक्षा : महापौर सुनीता दयाल



**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल ने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों तथा उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए नवीन शैक्षिक सत्र एवं चैत्र नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ गई है। आज हमारे सभी सरकारी विद्यालय बच्चों के लिए आवश्यक संसाधनों से संतृप्त हैं। बच्चों को ड्रेस, पुस्तकें, जूते, मोजे, मिड डे मील और निशुल्क शिक्षा प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा प्रदान की जा रही है। बेसिक शिक्षा सुंदर समाज की संरचना का आधार है।

### शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए हमें निरंतर कार्य करना होगा : अभिनव गोपाल



**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए हमें निरंतर कार्य करना होगा। विद्यालयों में कायाकल्प, साफ सफाई, फर्नीचर,स्मार्ट क्लॉस ,गुणवत्तापरक शिक्षा , शिक्षक प्रशिक्षण,मिड डे मील, समेकित शिक्षा, खेल, स्काउट व आत्मरक्षा प्रशिक्षण व अन्य सुविधाओं की निरंतर आपूर्ति के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के सभी लोग समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं और मैं आशा करता हूं कि आगामी सत्र में बेसिक शिक्षा नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने महापौर से नगर क्षेत्र के विद्यालयों के कुछ विद्यालयों के कायाकल्प के लिए भी निवेदन किया जिसे महापौर ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'स्कूल चलो अभियान' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्कूल चलो अभियान के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय कविनगर, कंपोजिट विद्यालय गढ़ी कटैया, कंपोजिट विद्यालय खोड़ा कॉलोनी और कंपोजिट विद्यालय करहेड़ा के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी जिसकी सामने भरपूर सराहना की।

### शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ओपी यादव को किया गया सम्मानित

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल ने नए सत्र की पुस्तकों का वितरण, कलाकारों तथा राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव को सम्मानित किया। स्थानीय पार्षद डॉक्टर सुनंदा, पार्षद सुधीर कुमार, पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान, पंचायती राज अधिकारी प्रदीप द्विवेदी, जिला समन्वयक माध्यमिक पवन कुमार भाटी, डॉ राकेश, एसआरजी पूनम शर्मा एवं विनीता त्यागी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक संघ से प्रांतीय मंत्री अनुज त्यागी, मनोज डागर, व्यायाम शिक्षक राजकुमार, स्काउट गाइड से रामफूल एवं सुधा, काजल छिब्बर, बड़ी संख्या में शिक्षक और लगभग 700 बच्चे उपस्थित रहे। अंत में हाथों में तख्ती लिए और नारे लगाते हुए स्कूल चलो अभियान की विशाल रैली को महापौर एवं मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी पूनम शर्मा ने किया।

# नरेंद्र कश्यप ने किया 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' के प्रथम चरण का उद्घाटन

## 'संचारी नियंत्रण अभियान' की जागरूकता रैली को नरेंद्र कश्यप कश्यप राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने दिखाई हरी झंडी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्राथमिकता के आधार पर 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' का प्रथम चरण का उद्घाटन नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। उन्होने संचारी नियंत्रण अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय संजय नगर सेक्टर 23 से रवाना किया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण का हुआ लाइव प्रसारण

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। स्कूली बच्चों ने भी प्रतिभागी किया।

### मेयर सुनीता दयाल ने किया जागरूकता अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन

**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल द्वारा नगरीय क्षेत्र करहेड़ा से संचारी रोगों के प्रति जागरूकता अभियान एवं कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मोदीनगर, मुरादनगर, डासना, लोनी के क्षेत्र में भी संचारी रोगों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम व रैलियों का आयोजन किया गया।

## दो दिवसीय वंडर बाक्स प्रशिक्षण का आयोजन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भोजपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर दो दिवसीय वंडर बाक्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का प्रारंभ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी महिमा दयाल ने किया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र व उसी विद्यालय के कक्षा एक को पढ़ाने वाले नोडल अध्यापक ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में सुमन शर्मा, आरती राठी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, एआपी अर्चना रानी, संजय शर्मा की ओर प्रशिक्षण दिया गया।

उन्होने ईसीसीई तथा एनईपी 2020 में उद्देश्यों व उनके लक्ष्य से उन्हें अवगत कराया। सुमन शर्मा की ओर से विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण कराया गया। आरती के द्वारा पाइप, बैलून की सहायता से सीटी बनानी व पुराने अखबार से विभिन्न प्रकार की टोपिया बनानी सिखाई गई।

## ईद-मिलन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शौकत कुरेशी के आवास पर शहर विधायक संजीव शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचे। संजीव शर्मा और मयंक गोयल ने शौकत कुरेशी को ईद-उल- फितर की शुभकामनाएं दी। विधायक संजीव शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा की संस्कृति सभी का सम्मान, सभी का विकास और सभी को एक साथ लेकर चलने की है।

# हिंदू नववर्ष पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर सोमवार को बांके बिहारी परिवार द्वारा नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन गाजियाबाद के नवयुग मार्केट स्थित अनंत होटल एंड बैंक्विट में आयोजित किया गया, जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रसिद्ध कवियों ने लगाए कार्यक्रम में चार चांद

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद प्रसिद्ध कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्यपाठ में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता एवं हिंदू संस्कृति की महिमा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया, जिसे सुनकर सभी उपस्थित जनों ने उत्साहपूर्वक सराहना की। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि सुरेंद्र शर्मा, डॉ. जयप्रकाश मिश्रा एवं डॉ. नितिन गुप्ता द्वारा भी अद्भुत कविताएं प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने समारोह में चार चाँद लगा दिए।

### पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य : मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने संबोधन में कहा, भाजपा संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से निभाने का प्रयास करूंगा। गाजियाबाद के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा। मयंक गोयल ने बांके बिहारी परिवार एवं उपस्थित सभी अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर निवेदक मनमोहन मित्तल, कार्यक्रम अध्यक्ष अंकित बंसल, स्वागत अध्यक्ष गौरव गर्ग, कार्यक्रम संयोजक विनय सिंघल (अध्यक्ष चौपला-दिल्ली गेट व्यापार मंडल), सुमित गर्ग (बाबा गन हाउस) एवं संयोजकगण :रोहन भारद्वाज मंत्री भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महानगर, चेतन अग्रवाल आदि हजारों की संख्या लोग उपस्थित रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा मयंक गोयल की एक बात ने जीत लिया है हमारा दिल? हमने देखा वो श्री कृष्ण जी की प्रतिमा के साथ हर पूर्व चेहरे के घर पर जाकर रहे हैं मिल? पूर्व विधायक से लेकर पूर्व मोर्चे वालो के यहां हो रहे हैं उनके दीदार? कहने वाले ने कहा पुराने मोतियों से माला उन्होंने बहुत सुंदर तरीके से पिरोनी शुरू कर दी है यार? कहने वाले ने कहा भले ही भाजपा हो गई हो नई? मगर बिना पुराने चेहरों को साथ लेकर चलना आखिर कहां तक है सही?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मयंक भैया की इन यादगार मुलाकातों में हम एक चीज पर कर रहे हैं काफी ज्यादा गौर? जैसे जैसे समय आगे बढ़ रहा है, वैसे वैसे गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर की मजबूत हो रही है डोर? लाईनपार से मिस्टर नागर अब दिख रहे हैं बाहर? अब हो रहे हैं उनके नदिया पार में भी दीदार? कहने वाले ने कहा भगवा योद्धा जिस तरह दे रहे हैं उनको भाव? सच बता रहे हैं संगठन में नागर जी के प्रति दिखायेंगे वो प्यार? देखना अब ये है कि क्या मिलेगी उनको उपाध्यक्ष से ऊपर वाली जिम्मेदारी? क्या कोई महानमंत्री वाला पद इस बार होगा उनके लिए जारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आपने गिफ्ट में देखा होगा काजू और मेवा? मगर हम आपको बता रहे हैं नदिया पार के ओबीसी डेड और सन की बात? वो सब्जी और फ्रूट से करते हैं बड़े नेताओं की सेवा? कहने वाले ने कहा उनकी इस सेवा से हो रही है कई दिलजलों को जलन? कहने वाले कह रहे हैं ये सेवा इस बार जरूर कुछ गुल खिलायेगी यार? पहले हुआ हो या ना हुआ हो, इस बार जरूर होगा इनमें से किसी एक नाम पर विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के कसाना जी ने चंदेला जी ने और भोला जी ने गंगा जी में डुबकी लगाई एक साथ? डुबकी लगाते ही सबने लगायी अपने मन की अरदास? सुना है गंगा मईया से मांग लिया कसाना जी ने महानमंत्री वाला पद? भोला जी और चंदेला जी ने इस मामले में ज्यादा पार नहीं करी हद? दोनों ने मांगा गंगा मईया से खुद को मंडल में पद दिलवाने का आशीर्वाद? देखना अब ये किस पर कितनी कृपा होगी? वैसे भी डुबकी के अलावा कसाना जी पर है हैवीवेट वालों का हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आने वाली दो घोषणाओं को लेकर मैं दे रहा हूं आपको तर्क? ये तर्क त्यागी और गुर्जर वाले सिस्टम में पेश करेगा फर्क? कहने वाले ने कहा बॉबी भैया और हैवीवेट वालों के प्रिय त्यागी में से महानमंत्री वाली व्यवस्था पर बनती दिख रही है हमें चाबी खोने वालों की बात? ओबीसी फैक्टर पर दो कसानाओं के बीच मिस्टर नागर का मजबूत रहेगा हाथ? हैवीवेट वालों के प्रिय त्यागी उपाध्यक्ष वाले सिस्टम में किये जायेंगे फिट? ऐसा ही नदिया पार के दो कसानाओं के साथ भी होगा? कोई बनेगा मंत्री तो कोई उपाध्यक्ष होगा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब ना जाने खा-मो-खा उड़ा रहा है ये बात? 70 नंबर की बस में जो मैम्बर करते हैं सवारी, उन्होंने मिला लिये हैं बिल्डर से हाथ? सुना है बस में वो इस वक्त 15 पेटी लेकर हो रहे हैं सवार? इतने ओवर लोड मामले का बाकी सवारियां भी कर रही हैं दीदार? लगी हुई है सभी सवारियों के दिल में इस बात पर आग? आखिर क्यों इतना सारा सामान बस के मैम्बर लेकर चल रहे हैं अपने साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है कई भगवा कमिश्नर अभी से कर रहे हैं पार्षद बनने की तैयारी? कहने वाले ने कहा आठ वर्ष के इस अभियान को लेकर जो सामग्री मंडल वालों को पार्षदों को वितरित करने के लिए मिली है? वो सामग्री अभी तक कई एरिया में नहीं हुई हैं जारी? अभी तक कई भगवा पार्षद कर रहे हैं सामग्री मिलने का इंतजार? कहने वाले ने कहा इस मामले में भगवा योद्धा को गौर करना चाहिए? अभी तो निगम चुनाव में दो साल बचे हैं यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व विधायक रूप चौधरी का अंदाज रहता है खास? वो बातों ही बातों में निकाल लेते हैं बात? हमने देखा जब गये अध्यक्ष मयंक गोयल उनके घर पर करने के लिए उनका सम्मान? तब उन्होंने इस पल की फोटो फेसबुक पर अपलोड की और अपने शब्दों से खींचा सभी का ध्यान? उन्होंने जहां मयंक गोयल के आगमन पर की उनकी तारीफ? वहीं पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन को लेकर भी उन्होंने जिक्र किया बारीक? कराया शब्दों से इस बात का एहसास? जैसे आज मयंक गोयल वरिष्ठों से मिल रहे हैं, वैसा कभी किरदार विजय मोहन जी का भी था साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये सोच समझ कर होता है या होता है बाईचांस? हमने पूर्व वालों से वर्तमान वालों के सिस्टम में देखा है कि जब भी कार्यक्रम बड़ा होता है उसमें जरूर जोड़ दिया जाता है प्रदेश वाले चौधरी साहब का नाम? नाम जोड़े जाने के बाद फिर होता है कार्यक्रम और उसमें नहीं होते हैं चौधरी साहब के दीदार? पहले प्रेस कान्फ्रेंस और फिर मन की बात वाले आयोजन में कुछ ऐसा ही हुआ है यार? ऐसा हम नहीं कुछ दिल जले कहीं पर कर रहे थे प्रकट इस तरह के विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गाजियाबाद की धरा पर चीफ वार्डन ललित जायसवाल का पहचाना जाता है बड़े-बड़े समाजिक आयोजन कराने के लिए नाम? सुना है अब कुछ ऐसा ही स्थापित कर रहे हैं अनिल अग्रवाल सांवरिया भी अपना नाम? वो भी तमाम धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लगातार दे रहे हैं दस्तक? हर बड़े आयोजन में उनका दिखता है अब मस्तक? कहने वाले ने कहा कुछ ही समय में तमाम बड़े समाजिक कार्यक्रम करके पेश कर दी है सांवरिया जी ने नजीर? हर जगह दिखाई देने लगी है उनकी धार्मिक छवि वाली तस्वीर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दिल्ली की यमुना की तरह, गाजियाबाद हिंडन की सफाई भी जरूरी : हिमांशु लव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की हिंडन नदी भी दिल्ली की यमुना नदी की तरह ही है। इसको भी साफ करने के लिए कई बार नगर निगम और कई सामाजिक संस्थाओं ने कोशिश कर ली परन्तु हिंडन साफ नहीं हुई। आज भी हिंडन एक नाले का ही रूप है। नगर निगम कई लाख रुपए का बजट हिंडन की सफाई के लिए बना चुका है। लगता नहीं कि हिंडन साफ होगी। हिंडन को साफ करने का एक ही हल है वह है मोदी जी जैसा संकल्प। जैसा उन्होंने दिल्ली में यमुना नदी को साफ करने का संकल्प लिया और यमुना नदी की सफाई करना शुरू हो गया और शीघ्र ही साफ हो भी जाएगी। कुछ इसी प्रकार का संकल्प लिया जाना जरूरी है। संकल्प कौन लेगा और कब तक लेगा, यह बताना कठिन है। शायद मोदी जी को ही संकल्प लेना होगा और उन तक यह आवाज गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि ही पहुंचा सकते हैं। मैं तो सिर्फ इतना कह सकता हूं जागो जनप्रतिनिधियों कुछ करो, मोदी है तो मुमकिन है।

# पार्षद मदन राय ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने मंगलवार को सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद मदन राय ने बताया कि वार्ड में विकास कार्यों की नई शुरूआत हो गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में वार्ड में व्यापक स्तर पर विकास कार्य सुनिश्चित करने के संकल्प के तहत नगर आयुक्त महापौर द्वारा सड़क का निर्माण कार्य का किए जा रहे है। पार्षद मदन राय ने कहा, वार्ड 86 के विकास के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में वार्ड में विकास की गति और तेज होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। सबका साथ सबका विकास की नीति पर भाजपा सरकार कार्य करती है। इस अवसर पर अनुराग एसपी सिंह प्रवीण चौहान अनिल खन्ना आदि लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी लोगों ने पार्षद मदन राय की इस पहल की सराहना की और वार्ड के निरंतर विकास के लिए आभर व्यक्त किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Mayank Goel
2h ·

वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद श्री महेंद्र चौधरी जी को जन्मदिन पर उनके आवास पर जाकर शुभकामनाएँ दीं।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल इन दिनों फुल फार्म में हैं। कार्यकर्ताओं के सम्मान को वो सर्वोपरि मानकर चलते हैं। कार्यकर्ताओं के सुख दुख में शामिल होते हैं। पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी के जन्मदिन पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उनके आवास पर गये और महेन्द्र चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मयंक गोयल ने इस पल को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।